कोटद्वार, बुधवार
13 अगस्त 2025
वर्षः 47
अंकः 102 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## हिंद महासागर में चीन–पाक की जुगलबंदी से भारत अलर्ट



नई दिल्ली। चीन अपनी विस्तारवाद नीति को गंभीरता से लेते हुए सैन्य ताकत को लगातार बढ़ रहा है। हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की मौजूदगी बढ़ती जा रही है। भारत ने भी इस बात पर चिंता जाहिर की है। विदेश मामलों की संसदीय समिति ने चेतावनी दी है कि चीन लगातार अपनी नौसेना को ताकतवर बनाने में जुटा है। वहीं, समिति ने कहा कि चीन–पाकिस्तान नौसैनिक गठजोड़ ने भारत की चिंता बढ़ा दी है।

**महासागर क्षेत्र में भारत अपनी सैन्य ताकत बढ़ाएः समिति**

संसदीय समिति ने भारत सरकार से आग्रह किया है कि वह सैन्य क्षमताओं को मजबूत करे और रणनीतिक संतुल बनाए रखने के लिए साझेदार देशों के साथ लगातार संयुक्त सैन्य अभ्यास करे। कांग्रेस सांसद शशि थरूर की लीडरशिप में 31 सदस्यीय समिति ने इस बात पर जोर दिया कि महासागर क्षेत्र में भारत की लीडरशिप उसके भू–राजनीतिक और आर्थिक हितों का स्वाभाविक और आवश्यक विस्तार है। समिति ने कहा कि हिंद महासागार निस्संदेह भारत की वैश्विक रणनीति का एक अभिन्न अंग है।

**पनडुब्बी रोधी युद्धपोतों को अपने बेड़े में शामिल करे सेना**

बता दें कि पिछले हफ्ते ही भारत ने दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस के साथ अपना पहला संयुक्त नौसैनिक अभ्यास किया, जिसका उद्देश्य हिंद–प्रशांत क्षेत्र में समुद्री साझेदारी को मजबूत करना है।

हालांकि, विशेष रूप से हिंद–प्रशांत क्षेत्र में, समिति ने भारत से किसी भी उभरते खतरे से निपटने के लिए तैयारी सुनिश्चित करने के लिए पनडुब्बी रोधी युद्धपोतों, निगरानी विमानों और परमाणु ऊर्जा चालित पनडुब्बियों को शामिल करके अपनी नौसेना को मजबूत करने का आग्रह किया है।

## कैंपटी फॉल रोड पर दुकान जमींदोज

देहरादून। तीन दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण शहर के कई क्षेत्र में भूस्खलन होने व सड़कें धंस जाने से जन जीवन अस्तव्यस्त हो गया है। भारी बारिश के कारण कैंपटी फॉल रोड पर होटल वाइल्ड फ्लावर के निकट दलबीर सिंह गुसाईं की दुकान जमींदोज हो गई, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो गया। वहीं, पाएक होटल को भी नुकसान पहुंचा है। साथ ही इंदिरा कॉलोनी में भी बारिश के कारण भू धंसाव होने के कारण काफी नुकसान हुआ। भूस्खलन की सूचना के बाद नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी ने नायब तहसीलदार कमल राठौर के साथ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया।

उन्होंने इंदिरा कॉलोनी, होटल वाइल्ड फ्लावर के निकट जमींदोज हुई दुकान का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बारिश व भूस्खलन से हुए नुकसान से प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। क्षेत्रीय सभासद रणवीर सिंह कंडारी ने बताया कि प्रशासन से क्षतिग्रस्त हुई दुकान का उचित मुआवजा देने की मांग की गई है। इस मौके पर गोविंद सिंह नेगी सहित स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

## धराली और हर्षिल में दूरसंचार सेवा बाधित, लोगों से नहीं हो पा रहा संपर्क

देहरादून। आपदा को एक सप्ताह का समय बीत गया है। भीषण आपदा से मलबे में दफन धराली बाजार में लापता लोगों की तलाश में सेना, आईटीबीपी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के जवान बचाव व राहत कार्यों में जुटे हुए हैं। मौसम रेस्क्यू ऑपरेशन में बाधा बन रहा है। प्रशासन ने 42 लोगों के लापता होने की पुष्टि की है, जबकि एक लापता का शव बरामद हुआ है।

**धराली और हर्षिल में पुनर्निर्माण के काम को देखेंगे कर्नल कोठियाल**

उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण सलाहकार परिषद के अध्यक्ष कर्नल अजय कोठियाल धराली और हर्षिल में पुनर्निर्माण के काम को देखेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन्हें इस काम के लिए विशेष जिम्मेदारी सौंपी है। कर्नल अजय कोठियाल इससे पहले केदारनाथ में अपनी दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता दिखा चुके हैं। उन्होंने बताया कि उनकी प्राथमिकता लापता लोगों की तलाश, गंगोत्री यात्रा को सुरक्षित तरीके से दोबारा शुरू करना, चीन सीमा से लगने वाले मार्गों को खोलना और उनकी मरम्मत



करना, आपदा से प्रभावित जनता का पुनर्वास,हर्षिल में बनी अस्थायी झील को ठीक करना, मलबा हटाना एवं सड़कों, पुलों और पर्यटन के लिए दीर्घकालिक पुनर्निर्माण योजना तैयार करना है।

**धराली और हर्षिल में दूरसंचार सेवा बाधित**

आपदा प्रभावित धराली और हर्षिल क्षेत्र में दोपहर तीन बजे के बाद दूरसंचार सेवाएं बाधित हो गई। इससे लोगों का एक दूसरे से संपर्क नहीं हो पा रहा है।

**धराली, हर्षिल की पांच गर्भवती महिलाओं को किया हेली रेस्क्यू**

आपदा प्रभावित धराली और हर्षिल क्षेत्र की पांच गर्भवती महिलाओं को हेली रेस्क्यू कर मंगलवार को जिला अस्पताल उत्तरकाशी लाया गया। स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद गर्भवती महिलाओं को स्त्री रोग विशेषज्ञ की निगरानी में रखा गया है। जांच में गर्भवती महिलाओं की स्थिति सामान्य पाई गई।

**40 होटल, होमस्टे और रिजॉर्ट ध्वस्त**

स्थानीय लोगों ने पर्यटन विभाग को करीब 40 होमस्टे, होटल और रिजॉर्ट के नुकसान की सूची सौंपी है। हालांकि, अभी तक दुकानों को हुए नुकसान का कोई आकलन जारी नहीं किया गया है।

**प्रदेश में अकेले उत्तरकाशी में 70 फीसदी बगीचे तबाह**

प्रदेश में अकेले उत्तरकाशी जिले में सेब, प्लम, खुमानी के 70 फीसदी बगीचे तबाह हो गए। आपदा ग्रामीणों के घर, बाग और बगीचे सब निगल गई। उद्यान विभाग की एक सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में 10480.18 हेक्टेयर बगीचों में से 7502.59 हेक्टेयर का उत्तरकाशी जिले में नुकसान हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि आपदा उन्हें सड़क पर ले आई।

## एक नजर

### कार पर गिरा बोल्डर, एक महिला की मौत

रुद्रप्रयाग : ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर शिवानंदी के पास एक कार के ऊपर अचानक बोल्डर गिर गया, जिससे वाहन में सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि चालक सहित चार लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया। वाहन देवाल से देहरादून की ओर जा रहा था। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर एक बजे के करीब गौचर की तरफ से आ रही एक कार जैसे ही शिवानंदी के पास पहुंची तो ऊपर पहाड़ी से अचानक भारी बोल्डर गिर गया, जिससे कार बोल्डर की चपेट में आ गई। वाहन में सवार एक 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई। जबकि चालक महावीर सिंह निवासी देवाल चमोली, शम्भूराम पुत्र मदनाराम निवासी खेताभौरागढ़ देवाल चमोली, वीरल पटेल पुत्र दिनेश भाई पटेल निवासी गुजरात और एक युवती सहित चार लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही चौकी घोलतीर से पुलिस मौके पर पहुंची, जहां स्थानीय लोगों की मदद से चारों घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया। कोतवाली निरीक्षक मनोज नेगी ने बताया कि पहाड़ी से अचानक गिरे बोल्डर ने वाहन को चपेट में ले लिया, जिससे ये हादसा हुआ है। उन्होंने बताया कि मृतक का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जाएगी। (एजेंसी)

### चमोली में 14 अगस्त तक बंद रहेगें स्कूल

चमोली : चमोली जिले में भारी से भारी वर्षा की आशंका को देखते बुधवार और गुरुवार को जिले के सभी शासकीय, गैर शासकीय, निजी विद्यालयों में कक्षा एक से 12 वीं तक और आंगनबाड़ी केन्द्रों में अवकाश रहेगा। अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने इस आदेश को जारी करते हुए जिला मुख्य शिक्षा अधिकारी को कहा कि वे सभी विद्यालयों को इस जानकारी से अवगत कराएं। (एजेंसी)

### धरासू–भल्डियाणा मोटरमार्ग दो दिन से बाधित

उत्तरकाशी। टिहरी–उत्तरकाशी को जोड़ने वाला धरासू–भल्डियाणा मोटर मार्ग नेरी–दिकोली के बीच में भारी मलबा होने से दो दिन से बंद है। यहां लगातार भूस्खलन हो रहा है, जिस कारण मार्ग को आवाजाही के लिए खोलने में दिक्कतें आ रही है। सोमवार सुबह से भी लगातार भारी बारिश होने के कारण मोटर मार्ग नहीं खुल पाया। इससे ग्रामीणों का पैदल आवागमन भी बंद हो गया है। इस मार्ग से आवागमन करने वाले नेरी, तुल्यारा, गैलारी, सुनार गांव, दिकोली, जसपुर और अदनी के ग्रामीणों को आवागमन में बहुत दिक्कत हो रही है। लोगों को चिन्यालीसौड़ बड़ेथी, धरासू होकर आना जाना पड़ रहा है। तुल्याड़ा हाईस्कूल का रास्ता भी बंद हो चुका है। मंगलवार को भी सड़क आवागमन के लिए बाधित रही।

### घर की छत से गिरी महिला की मौत

हल्द्वानी। घर की छत को जाने वाली सीढ़ियों से गिरकर घायल हुई महिला ने हल्द्वानी के निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार वीरभट्टी नैनीताल निवासी 34 वर्षीय भावना देवी नगर निगम में संविदा पर नौकरी करती थी।

सोमवार को वह छत से कपड़े लेकर नीचे आ रही थी। इसी बीच सीढ़ियों में उसका पैर फिसल गया। महिला अनियंत्रित होकर जमीन पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए हल्द्वानी के निजी अस्पताल लाया गया। देर रात महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

### हर्षिल में भागीरथी का प्रवाह रुकने से बनी झील ने बढ़ाई चिंता

देहरादून। उत्तरकाशी के धराली और हर्षिल में पांच अगस्त को आई आपदा के बाद बनी झील ने चिंता बढ़ा दी है। धराली के अलावा हर्षिल में आए मलबे से भागीरथी का प्रवाह प्रभावित हुआ है। हर्षिल में करीब 1200 मीटर लंबी और 60 मीटर तक चौड़ी झील बन गई है। झील से पानी की काफी कम निकासी हो रही है। इससे यहां जल स्तर में बढ़ रहा है। यहां भागीरथी किनारे स्थित हाईवे भी झील की चपेट में आ गया है।

## उत्तराखण्ड में नेक्स्ट-जनरेशन डेटा सेंटर होगा स्थापित : धामी

- राज्य में एक विशिष्ट आईटी कैडर स्थापित करने के लिए सरकार करेगी प्रयास
- सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाओं के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री ने की घोषणाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाओं का शुभारंभ किया। इनमें डिजिटल उत्तराखण्ड एप का उद्घाटन, सुरक्षित, स्केलेबल और सुगम्य प्लेटफॉर्म आधारित 66 वेबसाइटों का उद्घाटन, नगरीय क्षेत्र में कूड़ा उठाने वाले वाहनों की रियल टाइम ट्रैकिंग के लिए विकसित की गई जीआईएस आधारित वेब एप का उद्घाटन, जन सुविधा के लिए संचालित 1905 सीएम हेल्पलाइन में एआई के अनुप्रयोग नवाचार का शुभारंभ और अतिक्रमण की निगरानी के लिए वेब आधारित एप्लीकेशन का शुभारंभ शामिल हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए राज्य में नेक्स्ट-जनरेशन डेटा सेंटर स्थापित करने, एआई मिशन प्रारंभ करने, राज्य में नेक्स्ट-जनरेशन रिमोट सेंसिंग एवं ड्रोन



एप्लीकेशन सेंटर खोलने, राज्य में एक विशिष्ट आईटी कैडर स्थापित करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड सुंदर पहाड़ी राज्य होने के साथ ही तकनीकी रूप से दक्ष राज्य के रूप में आगे बढ़े, इसके लिए राज्य सरकार ह्लहिल से हाइटेकह्व के मंत्र पर कार्य कर रही है। आज प्रदेश में सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ी पांच महत्वपूर्ण पहलों की शुरुआत की गई है। ये सभी नवाचार शासन व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के साथ ही विभिन्न सेवाओं में गति एवं पारदर्शिता भी लाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीआईएस आधारित वेब ऐप शहरी क्षेत्रों में कूड़ा उठाने वाले वाहनों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग करेगा। अतिक्रमण की रोकथाम के लिए एक वेब-आधारित ऐप के माध्यम से कोई भी नागरिक अतिक्रमण की तस्वीर या वीडियो अपलोड कर सकेगा, जिस पर संबंधित विभाग तुरंत जांच कर कार्यवाही सुनिश्चित करेगा। इस पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन ट्रैक किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि 1905 सीएम हेल्पलाइन राज्य के नागरिकों और सरकार के बीच संवाद का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इस सेवा में भी एआई आधारित सुविधाओं से शिकायतों का ऑटो-केटेगराइजेशन, त्वरित समाधान और फॉलो-अप मॉनिटरिंग और भी बेहतर तरीके से होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में ऑनलाइन शिक्षा, ई-स्वास्थ्य सेवा और भूलेख डिजिटलीकरण जैसे कार्यों को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल और सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से लोगों को घर बैठे ही अनेक सरकारी सेवाओं का लाभ प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। विद्यार्थियों के लिए स्मार्ट क्लासरूम और ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म का भी विस्तार किया जा रहा है।

## बीएसएफ ने भारत–पाक बॉर्डर एरिया में पकड़ी 8.50 करोड़ रुपए की हेरोइन

बीकानेर,अंतरराष्ट्रीय भारत–पाक सीमा पर स्थित खाजूवाला कस्बे के 21 बीड़ी गांव के पास बीएसएफ ने नशे की खेप बरामद की है. बीएसएफ बीकानेर की इंटेलिजेंस ब्रांच की खुफिया सूचना के आधार पर उपमहानिरीक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय अजय लूथरा के निर्देशन में खाजूवाला पुलिस के साथ संयुक्त सघन तलाशी अभियान चलाया. इस दौरान 21 बीडी गांव एरिया में 1.665 किलोग्राम मादक पदार्थ (हेरोइन) की जब्ती की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय मार्केट में कीमत लगभग 8.50 करोड़ रुपए है. बीएसएफ इंटेलिजेंस ब्रांच को खुफिया सूचना मिली थी कि काउंटरपार्ट की तरफ से भारतीय क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी की जानी है. इसी सूचना के आधार पर ये सर्च अभियान चलाया गया था और इस अभियान के दौरान तस्करी किए जाने वाले सामान को जब्त कर तस्करों के मंसूबों पर पानी फेरा है. इससे पहले भी बीएसएफ बीकानेर की इंटेलिजेंस ब्रांच की सूचना के आधार पर तस्करों के मंसूबों पर पानी फिरा है.

## बदरीनाथ और हेमकुंड की यात्रा पर 14 अगस्त तक लगाई रोक

चमोली : मौसम विभाग के राज्य में अलर्ट को देखते हुए बदरीनाथ धाम और हेमकुंड साहिब की यात्रा पर चमोली जिला प्रशासन ने मंगलवार 12 अगस्त से 14 अगस्त तक रोक लगाने का निर्णय लिया है। यह जानकारी चमोली जिलाधिकारी डॉ. संदीप तिवारी ने मंगलवार को दी। जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय ने जानकारी देते हुए बताया कि मौसम विभाग ने 14 अगस्त तक चमोली जिले सहित राज्य के अन्य जिलों में बहुत भारी वर्षा की आशंका जताई है। चमोली जिले में बदरीनाथ हाईवे पर कमेड़ा, नन्दप्रयाग, बाजपुर और भनेर पानी में बाधित हो रहा है। इस स्थिति को देखते हुए चमोली के जिलाधिकारी ने मंगलवार से लेकर 14 अगस्त तक बदरीनाथ और हेमकुंड की यात्रा पर रोक लगाने का निर्णय लिया है। भारी वर्षा और सड़कों पर मलबा बोल्डर आने से मंगलवार को चमोली जिले की 20 ग्रामीण सड़कें अवरुद्ध रहीं। ग्रामीणों को आवाजाही करने में मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है जिले में कुछ ऐसी भी



सड़कें हैं। जो लम्बे समय से अवरुद्ध हैं निजमूला गौणा ईरानी सड़क 21 जून से बाधित है। गांवों में रोज मर्रे की आवश्यक समाग्री नहीं पहुंच रही है। क्षेत्र के ग्रामीण मातबर सिंह, मोहन सिंह नेगी ने बताया सड़क के बाधित होने से सबसे अधिक परेशानी बीमार और बुजुर्ग लोगों को हो रही है। सलना हेलंग भर्ती सड़क 31 जुलाई से मलबा आने से बाधित है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मण सिंह नेगी ने सड़क निर्माण ऐजेंसी से तत्काल समस्या के समाधान की मांग की है। चमोली जिले में पडेर गांव की सड़क 10 जुलाई से बाधित है। (एजेंसी)

## दिल्ली में एक भी शेल्टर नहीं, 3 लाख कुत्तों को कहां डालेंगे

### –मेनका गांधी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर उठाए सवाल

नई दिल्ली,सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली–एनसीआर से सभी आवारा कुत्तों को आठ हफ्तों के भीतर शेल्टर होम्स में स्थानांतरित करने के आदेश के बाद, बीजेपी नेता और पशु अधिकार कार्यकर्ता मेनका गांधी ने इस फैसले को क्रोध में दिया गया असामान्य निर्णय और अव्यवहारिक करार दिया है. मेनका गांधी ने कहा, यह आदेश व्यावहारिक नहीं है... यह बहुत ही अजीब फैसला है, जो शायद किसी गुस्से में दिया गया है. गुस्से में दिए गए फैसले कभी भी समझदारी भरे नहीं होते... उन्होंने आगाह किया कि इस आदेश को लागू करना लॉजिस्टिक, आर्थिक और सामाजिक स्तर पर एक बड़ी चुनौती होगा. उनके अनुसार



न तो कोई सरकारी शेल्टर मौजूद है, और न ही इतनी जल्दी हज़ारों नए केंद्र बनाए जा सकते हैं. मेनका गांधी ने कहा कि, दिल्ली में एक भी सरकारी शेल्टर नहीं है. तीन लाख कुत्तों को कहां रखोगे? एक भी जगह नहीं है. अगर बनाने जाओ तो कम से कम 15 हज़ार करोड़ रुपये लगेंगे... 3000 नई जगहें ढूंढनी होंगी, वो भी ऐसी जहां कोई न रहता हो... और 1.5 लाख सफाई कर्मचारी रखने होंगे, जिसकी लागत करोड़ों में होगी... मेनका गांधी ने यह भी चेतावनी दी कि जब आवारा कुत्तों को पकड़ने की कोशिश होगी, तो स्थानीय लोग और कुत्तों को खाना खिलाने वाले फीडर इसका विरोध करेंगे, जिससे हर गली में टकराव हो सकता है. उन्होंने आगे कहा कि, जब आप कुत्ते पकड़ने जाओगे तो हर गली में झगड़े होंगे. फीडर इन्हें जाने नहीं देंगे, फिर राजनीतिक पार्टियां इस मुद्दे को भुनाने लगेंगी... और जब दिल्ली के कुत्ते हटा दिए जाएंगे, तो दूसरे राज्यों से कुत्ते यहां आने लगेंगे, क्योंकि यहां खाना ज्यादा मिलेगा... फिर क्या करेंगे? दोबारा नसबंदी अभियान चलाओगे और सैकड़ों करोड़ खर्च करोगे?

## भारत ने बांग्लादेश से जूट उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगाया

नईदिल्ली,बांग्लादेश के साथ तनावपूर्ण संबंधों के बीच भारत ने सोमवार को कुछ जूट उत्पादों और रस्सियों के सामान पर प्रतिबंध लगा दिया है। ये प्रतिबंध जमीनी मार्गों से आयात पर लगा है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने अधिसूचना जारी कर बताया कि भारत–बांग्लादेश सीमा पर स्थित किसी भी स्थलीय बंदरगाह से बांग्लादेश से आयात की अनुमति नहीं होगी। डीजीएफटी ने बताया कि इन आयातों को केवल न्हावा शेवा बंदरगाह के माध्यम से ही किया जा सकेगा। भारत की ओर से प्रतिबंधित उत्पादों में जूट या अन्य टेक्सटाइल बास्ट फाइबर से बने ब्लीच किए हुए और बिना ब्लीच किए हुए बुने हुए कपड़े, जूट की सुतली, डोरी, रस्सी, और जूट के बोरे और थैले शामिल हैं। डीजीएफटी ने बताया कि बांग्लादेश से भारत में कुछ वस्तुओं के आयात को तत्काल प्रभाव से विनियमित किया जाता है।

## उत्तराखंड को आपस में जोड़ने का काम करती है नंदा देवी यात्राः महाराज

देहरादून। पर्यटन संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने मंगलवार को मां भगवती नंदा देवी के गीतों की एलबम का संस्कृति विभाग के प्रेक्षागृह में विमोचन किया। महाराज ने कहा कि मां नंदा देवी गढ़वाल कुमाऊं के रूप में पूरे उत्तराखंड को आपस में जोड़ने का काम करती हैं।

सरकार मां नंदा राजजात यात्रा की तैयारियों में जुटी है। महाराज ने कहा कि मां नंदा देवी राजजात यात्रा, देवी नंदा को समर्पित होने के साथ साथ गढ़वाल और कुमाऊं के लोगों को आपस में जोड़ने का भी काम करती है। मां भगवती नंदा से प्रार्थना करते हैं कि वह उत्तराखंड राज्य को आपदाओं से मुक्त कर सुख–समृद्धि प्रदान करे। महाराज ने श्री नन्दा देवी राजराजेश्वरी सिद्धपीठ कुरूड़, नन्दा देवी सेवा समिति के कार्यक्रम में कहा कि श्री नंदादेवी



राजजात यात्रा का आयोजन 2026 में होना है। सरकार लगातार इस लोक जात की तैयारियों में जुटी है। नंदा देवी राजजात यात्रा चमोली के नौटी गांव से शुरू होकर होमकुंड तक जाती है। इसमें दो सौ अस्सी से दो सौ नब्बे किलोमीटर की दूरी तय की जाती है। कांस्वा के कुंवर लोग इस परंपरा के तहत अपनी कुल देवी श्री नंदादेवी सिद्धपीठ कुरुड़ की डोली में पूजा और मनौती भेंट करने को नौटी से चलकर नंदकेसरी में अपनी पूजा और मनौती भेंट करते हैं। हर साल नंदादेवी राजराजेश्वरी सिद्ध पीठ कुरुड़ से छोटी जात (लोकजात) और 12 वर्ष बाद बड़ी जात (राजजात) का आयोजन होता है।

महाराज ने यात्रा से पूर्व नंदा देवी सेवा समिति की ओर से गीतकार रचना दर्वान नैथवाल के रचित और गायक दर्वान नैथवाल नीति की आवाज में गाए गीतों के एल्बम का विमोचन किया। कहा कि ये गीत निश्चित रूप से मां नंदा के भक्तों और श्रृद्धालुओं में आस्था, भक्ति एवं उत्साह का संचार करेंगे। इसके साथ साथ राजजात के ऐतिहासिक, पौराणिक और सांस्कृतिक महत्व की जानकारी भी देगा।

## दिल्ली में बारिश के साथ हुई सुबह की शुरुआत, उत्तराखंड में रेड अलर्ट

नईदिल्ली,देश की राजधानी दिल्ली में मंगलवार की सुबह तेज बारिश के साथ हुई। इसके चलते जगह–जगह जलभराव देखने को मिला। उत्तर भारत से लेकर पूर्वोत्तर राज्यों में मानसून सक्रिय बना हुआ है, जिसके चलते भूस्खलन और बाढ़ के हालातों ने जनजीवन को बुरी तरह से प्रभावित कर दिया। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने पहाड़ी राज्यों समेत उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र में मध्यम से भारी बारिश की चेतावनी दी है।

दिल्ली में मंगलवार तड़के से ही झमाझम बारिश शुरू हो गई। इससे विजय चौक, मोती बाग फ्लाईओवर से लेकर रफी मार्ग तक कई इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया। आईएमडी ने 12 अगस्त को बादल छाए रहने के साथ हल्की



बारिश होने की संभावना जताई है। इस दौरान अधिकतम तपमान 32–35 डिग्री रहने और न्यूनतम 24–26 डिग्री के बीच रह सकता है। अगले 5 दिनों में राजधानी समेत एनसीआर इलाके में मानसून की सक्रियता बढ़ने के आसार हैं।

उत्तराखंड में लगातार भारी बारिश जारी है, जिससे नदी–नाले उफान पर आ गए और सड़कों पर जलभराव के साथ घरों में भी पानी पहुंच गया। मौसम विभाग ने 12–14 अगस्त तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस कारण केदारनाथ धाम यात्रा 3 दिन के लिए रोक दी है, जबकि देहरादून और उत्तरकाशी में स्कूलों को बंद रखने के निर्देश दिए हैं। दूसरी तरफ जम्मू–कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में भी लगातार भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं। इस मानसून ने उत्तर प्रदेश को तरबतर कर दिया है। प्रदेश में 9 दिनों से लगातार हो रही बारिश से नदी–नाले उफान पर हैं। लखनऊ में सोमवार को तेज बारिश के चलते विधानसभा परिसर में पानी भर गया। गोरखपुर में सड़कें डूब गईं और जिला अस्पताल समेत कई जगह 1 फीट पानी भर गया। सहारनपुर की नदी में अचानक तेज पानी आने से स्कूल वैन फंस गई। मंगलवार को राज्य के 22 जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है। बिहार में गंगा, कोसी, बागमती, बूढ़ी गंडक, पुनपुन, घाघरा समेत 10 नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं, जिससे 12 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। राज्य में 17 लाख से अधिक लोग इससे प्रभावित हैं।

## हैदराबाद के खजाना ज्वैलरी स्टोर में दिनदहाड़े डकैती

हैदराबाद,तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में एक आभूषण की दुकान में दिनदहाड़े डकैती का मामला सामने आया है, जिससे लोग दहशत में हैं। घटना चंदानगर की है, जहां खजाना ज्वेलरी स्टोर में मंगलवार सुबह 10 बजे 6 बदमाश बंदूक लेकर दाखिल हो गए और डकैती को अंजाम दिया। उन्होंने विरोध जताने पर गोलीबारी की, जिसमें स्टोर का उप–प्रबंधक घायल हो गए हैं। गोलीबारी के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और कई दुकानदारों ने अपनी दुकान बंद कर ली। पुलिस ने बताया कि सुबह स्टोर खुलने के कुछ देर बाद ही 6 लोग स्टोर में घुस गए और कर्मचारियों को बंदूक दिखाकर लॉकर की चाबियां मांगीं। कर्मचारियों के मना करने पर बदमाशों ने 2 राउंड गोलियां चलाई, जिसमें एक गोली उप–प्रबंधक के पैर में लगी है।

## न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने के प्रस्ताव को लोकसभा में मंजूरी

नईदिल्ली,दिल्ली स्थित सरकारी आवास से बेहिसाब नकदी मिलने के मामले में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर लोकसभा में मंजूरी मिल गई है। मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उनके खिलाफ महाभियोग के प्रस्ताव पर 3 सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की है। समिति की रिपोर्ट के बाद उनको हटाने पर आगे की कार्यवाही होगी। संभावना जताई जा रही है कि इस मानसून सत्र में न्यायमूर्ति वर्मा मामले को लेकर लोकसभा में चर्चा हो सकती है।

तीन सदस्यीय पैनल में सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, मद्रास हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनिंदर मोहन और वरिष्ठ अधिवक्ता बीवी आचार्य को शामिल किया गया है। समिति किसी न्यायाधीश पर महाभियोग चलाने की प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 124(4) के अंतर्गत तय है। समिति साक्ष्य मांग सकती है और गवाहों से बहस कर सकती है। इसके बाद समिति अपनी रिपोर्ट अध्यक्ष को सौंपेगी, जिसे सदन में पेश किया जाएगा।

समिति की जांच में अगर न्यायाधीश दोषी हुए तो पैनल की रिपोर्ट उस सदन द्वारा स्वीकृत की जाती है जिसमें इसे पहली बार पेश किया गया था। इसके बाद, प्रस्ताव पर मतदान होगा। इसके बाद यही कार्यवाही दूसरे सदन में भी दोहराई जाएगी। मतदान में निर्णय सामने आएगा। अभी तक सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और विपक्ष इंडिया गठबंधन दोनों न्यायमूर्ति वर्मा के महाभियोग पर एकमत हैं।

# सम्पादकीय

## हिमालयी राज्यों की नियति बनती प्राकृतिक आपदाएं

प्राकृतिक आपदाएं उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश सहित सभी हिमालयी राज्यों की नियति बनती जा रही हैं। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली में बादल फटने के कारण खीर गंगा नदी में बाढ़ आ जाने से जो भयंकर विपदा आई उससे पूरा देश सहम गया है। चंद सेकंडों ही में चहल–पहल भरा बाजार और इलाका तहस–नहस हो गया। दूर गांवों में रहने वाले ग्रामीण, जो यह नजारा देख रहे थे, स्थानीय लोगों को सावधान करने और वहां से भागने के लिए चीखते रह गए। पानी और मलबे के शोर में कोई उनकी चेतावनियों को नहीं सुन पाया। यह सब इतना तेजी से घटा कि किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिल पाया और देखते ही देखते भवन, दुकानें, होमस्टे और होटल बह गए। पूरा धराली बाजार मलबे से पट गया है, और इस कारण हुए जान–माल के नुकसान का पता लगने में लंबा वक्त लगेगा। धराली गंगोत्री धाम से करीब 20 किमी. पहले पड़ता है, और चार धाम यात्रा का प्रमुख पड़ाव है। शांत बहने वाली खीर नदी पहले ग्लेशियर और फिर घने जंगलों से होकर बहती है। इसलिए इसका पानी अत्यंत शुद्ध है।

आगे चल कर यह भागीरथी से मिल जाती है। इसलिए इसे खीर गंगा कहा जाता है लेकिन बरसात में समस्त पहाड़ी नदियों की तरह यह नदी भी उग्र रूप दिखाती है। पहले भी खीर गंगा में भीषण बाढ़ आ चुकी है। इतिहास टटोलें तो खीर गंगा में सबसे भीषण बाढ़ 1835 में आई थी। तब नदी ने सारे धराली कस्बे को पाट दिया था। बाढ़ से यहां भारी मात्रा में मलबा (गाद) जमा हो गया था। कहते हैं कि अभी यहां जो भी बसावट है, वह उस समय नदी के साथ आई गाद पर स्थित है।

1978 में धराली से नीचे डबराणी में एक डैम टूट गया था। इससे भागीरथी में भयंकर बाढ़ आ गई थी और कई गांव बह गए थे। धराली और आसपास के इलाकों में बादल फटने, भूस्खलन की घटनाएं होती रहती हैं। लेकिन पहली बार इतनी व्यापक क्षति हुई है। वर्ष 2013 की केदारनाथ त्रासदी के बाद लगा था कि राज्य सरकार और प्रशासन ने सबक लिया है, और अब नदी–नाले और इनके किनारे मानवीय हस्तक्षेप से बचे रहेंगे लेकिन दुखद बात है कि गंगा के किनारों का हाल 2013 से भी बुरा हो गया है।

बादल फटना हिमालय क्षेत्र में विनाशकारी प्राकृतिक आपदाओं में से एक है। इसकी वजह है बहुत कम समय में किसी छोटे इलाके में भारी बारिश का होना। जलवायु परिवर्तन के कारण इन घटनाओं की आशंका लगातार बढ़ रही है। ऐसी आपदाओं से बचना तो मुश्किल है लेकिन नदी घाटियों से तो आबादी को तो दूर रखा ही जा सकता है जिससे बाढ़ और भूस्खलन की मार से बचा जा सके।

## डॉनाल्ड ट्रंप भारत के इतने खिलाफ क्यों हो रहे हैं

**अजय दीक्षित**

एक सप्ताह से यूएस प्रेसिडेंट डॉनल्ड ट्रंप भारत पर टैरिफ बार कर रहे हैं और आज उन्होंने टैरिफ को बढ़ा कर पच्चीस से पचास फीसदी कर दिया है ये उन वस्तुओं पर लगेगा जो भारत अमेरिका को निर्यात करेगा पहले ये दस फीसदी था। उल्लेखनीय है भारत अमेरिका को 84 अरब डॉलर का प्रति वर्ष निर्यात करता है जिसके बदले में अमेरिका से 47 अरब डॉलर कीमत का आयत करता है जिसमें लोहा सीमेंट, रक्षा उपकरण, हेलीकॉप्टर, आदि शामिल हैं जबकि भारत अमेरिका में डेयरी उत्पाद, टेक्सटाइल,कपास, जुट, आदि निर्यात करता है। भारत क्रूड ऑयल सऊदी अरब,रूस, कुवैत, इराक,ईरान,से खरीद रहा है।रूस से प्रति महीने 1.1लाख बैरल क्रूड ऑयल खरीद रहा है जो भारत की जरूरत का 40 फीसदी के आसपास है बस यही से विवाद शुरू हुआ है।

अमेरिका का कहना है कि भारत रूस की अर्थ व्यवस्था को मजबूत बनाने में लगा है और रूस यूक्रेन युद्ध को बंद नहीं कर रहा है।3 वर्ष से अधिक से चल रहे रूस यूक्रेन युद्ध को बंद कराने के कई प्रयास कर लिए। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को युद्ध विशेषज्ञों ने बताया है कि रूस यूक्रेन को पूरा कब्जा कर लेगा तभी युद्ध समाप्त होगा

चाइना तो भारत से भी अधिक क्रूड ऑयल रूस से खरीद रहा है। देखिए अब विश्व का राजनीतिक पारदर्श बदल रहा है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, और विक्रम मिश्री सात दिन से चीन में है । और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाइना जाने वाले हैं।विदेश मंत्री एस जयशंकर भी चाइना में आज सी जिंग पिंग से मिले हैं। अमेरिका के खिलाफ पूरे विश्व में गोलबंदी हो रही है। यूरोपीय देशों ने नाटो से मुंह मोड़ लिया है क्योंकि अमेरिका ने हाल ही में यूक्रेनी राष्ट्रपति जलेशकी को व्हाइट हाउस में बुलाकर फटकार लगाई थी।

दरअसल अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की नीति किसी को समझ में ही नहीं आ रही है कभी भारत पर आरोप लगाते हैं कि रूस को यूक्रेन युद्ध में फंडिंग कर रहा है और कभी यूरोपीय देशों को फांस जर्मनी इटली ब्राजील ऑस्ट्रेलिया,पर टैरिफ बढ़ा कर उन्हें नेस्तनाबूद करने को धमकी देते हैं। डॉनल्ड ट्रंप का पहला कार्यकाल इतना उलझा नहीं था और न किसी अमेरिकन राष्ट्रपति का रहा है। जबकि यूरोपीय देशों गैस, क्रूड ऑयल, रूस से खरीद रहे हैं।


डॉनल्ड ट्रंप की दोहरी नीति गाजा को लेकर है वहां इज़राइल

गाजा में भूखे पॉलिस्टिनो पर उस समय हमला कर रहा है जब वह खाने पीने का सामान लेने जा रहे हैं। लेकिन तब अमेरिका का मानव अधिकार संगठन चुप बैठ जाता है। कुल मिलाकर डॉनल्ड ट्रंप का ऐसे पहले राष्ट्रपति है जो नित नई नीति घोषित कर ते हैं। भारतीय औद्योगिक क्षेत्र के जानकार

श्री हीरा चंदानी ने कहा कि भारत इस समय विश्व की सबसे अधिक बढ़ती अर्थ व्यवस्था है और उसका जीडीपी 6.4 के आसपास है तो डॉनल्ड ट्रंप ने जो कहा है कि भारत डूबती अर्थ व्यवस्था है यह गलत है।अभी ब्रिटेन के प्राइम मिनिस्टर

स्टारमर ने कहा कि भारत ब्रिटेन की गिरती अर्थ व्यवस्था में मदद कर सकता है।

अमेरिका के राष्ट्रपति ने अकेले भारत पर ही नहीं ब्राजील,साउथ कोरिया, चाइना पर टैरिफ बढ़ाए हैं क्योंकि भारत, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, फ्रांस, इटली,ही सर्वाधिक निर्यात करते हैं।



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, और विक्रम मिश्री सात दिन से चीन में है । और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाइना जाने वाले हैं।विदेश मंत्री एस जयशंकर भी चाइना में आज सी जिंग पिंग से मिले हैं। अमेरिका के खिलाफ पूरे विश्व में गोलबंदी हो रही है। यूरोपीय देशों ने नाटो से मुंह मोड़ लिया है क्योंकि अमेरिका ने हाल ही में यूक्रेनी राष्ट्रपति जलेशकी को व्हाइट हाउस में बुलाकर फटकार लगाई थी।दरअसल अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की नीति किसी को समझ में ही नहीं आ रही है कभी भारत पर आरोप लगाते हैं कि रूस को यूक्रेन युद्ध में फंडिंग कर रहा है और कभी यूरोपीय देशों को फांस जर्मनी इटली ब्राजील ऑस्ट्रेलिया,पर टैरिफ बढ़ा कर उन्हें नेस्तनाबूद करने को धमकी देते हैं। डॉनल्ड ट्रंप का पहला कार्यकाल इतना उलझा नहीं था और न किसी अमेरिकन राष्ट्रपति का रहा है। जबकि यूरोपीय देशों गैस, क्रूड ऑयल, रूस से खरीद रहे हैं।**

## श्रद्धालुओं की भीड़ संभालने में असफल क्यों

हरिद्वार के प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में मची भगदड़ में आठ श्रद्धालु मर गये तथा तीस से अधिक गंभीर घायल बताए जा रहे हैं। यह मंदिर पहाड़ी पर है, जहां पहुंचने के लिए आठ सौ सीढ़ियां हैं। मृतकों में चार उप्र के व एक–एक बिहार व उत्तराखंड के बताए जा रहे हैं। सावन माह में मंदिर में भारी भीड़ होती है। बताया जा रहा है कि मंदिर से करीब सौ मीटर पहले ही धक्का–मक्की के चलते करीब लटक रहे तार को सहारे के लिए लोगों ने पकड़ने की कोशिश की, जिससे करेंट लगने से अफरा–तफरी मच गई। हड़बड़ाहट में कुछ लोगों के गिरते ही भगदड़ मच गई।

हरिद्वार की शिवालिक पहाड़ियों पर बना यह मंदिर बिल्व पर्वत पर पौड़ी से तीन किलोमीटर दूर है। महंत इसे मंदिर परिसर के भीतर नहीं हुई घटना कह कर हाथ झाड़ रहे हैं और सरकार ने मुआवजा घोषित कर रस्म अदा कर दी। इसी समय उप्र के बाराबंकी के औसानेर मंदिर में मची भगदड़ में दो की मौत हो गयी। मृतक के भाई का आरोप है, वहां तार सुलगते देखा गया था।

पूजास्थलों में चढ़ावा और श्रद्धालुओं को बटोरने की होड़ किसी से छिपी नहीं है। स्थानीय प्रशासन या राज्य सरकारें श्रद्धालुओं की भीड़ को संभालने का जिम्मा सलीके से लेने में क्यों असफल हैं। महीना भर पहले ही पुरी में रथ–यात्रा के दौरान मची भगदड़ में तीन भक्तों की मौत हुई है।

उससे पहले गोवा में भंदिर उत्सव में भगदड़ में छह मरे थे और इसी जनवरी में तिरुपीति में भी छह श्रद्धालु कुचल कर मारे गए थे। देश के विभिन्न धर्मस्थलों में प्रतिवर्ष होने वाले इन धार्मिक आयोजनों के बारे में सबको पहले से खबर होती है। दुनिया की सबसे बड़ी जनसंख्या वाला मुल्क अपने बाशिंदों की जान को लेकर कितना संवेदनहीन हो रहा है।

खासकर धर्म को अपना मुख्य एजेंडा बनाने वाली सत्ताधारी पार्टी का जिम्मा है कि वह भक्तों की सुरक्षा के प्रति लापरवाह रवैया बदले। किसी भी बड़े धार्मिक उत्सव/त्योहार को लेकर आयोजकों, मंदिर व्यवस्थापकों व स्थानीय प्रशासन व पुलिस को चेतावनी देनी होगी।

समाज में धर्मपरायण व मान्यताओं के प्रति अगाध श्रद्धा रखने वालों की संख्या का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। विशेष अवसरों पर पूजा–अर्चना करने वालों की संख्या साल–दर–साल बढ़ती ही है।

प्रशासन व पुलिस को भीड़ संभालने का प्रशिक्षण दिया जाए। भगदड़ जैसी घटनाएं घोर लापरवाही की श्रेणी में आती हैं। मुआवजों के भरोसे व्यवस्था नहीं सुधारी जा सकती। इस पर केंद्र को स्पष्ट निर्देश देने चाहिए।

## पीड़िताओं ने सामने आने का साहस किया

बेंगलुरु स्पेशल कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवाा को रेप के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई है। उस पर 48 वर्षीय एक घरेलू सहायिका ने कई दफा रेप करने का आरोप लगाया था।

बीते साल उस पर चार मामले दर्ज किए गए थे, जिनमें से पहले मामले में दोषी ठहराया गया है। उस पर आईपीसी की धाराएं 376 (2के) (प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा रेप), 376(2)(एन) (बार–बार रेप) 354(ए) (कपड़े उतारने के लिए हमला या बल प्रयोग), 354(सी)(ताकझांक), 506 (सबूतों को गायब करना), सूचना प्रोद्यौगिकी अधिनियम की धारा 66(ई) लगाई गई।

1632 पों की चार्जशीट के साथ इलेक्ट्रानिक व अन्य 183 सबूत पेश किए गए। बीते साल कर्नाटक सैक्स स्कैंडल के उछलने के बाद प्रज्वल का नाम सामने आया था, उस पर पचास से ज्यादा महिलाओं के यौन उत्पीड़न का आरोप है। पीड़ित अमूमन हासन, मैसूर व होलेनरासीपुर व करीबी इलाकों की हैं।

हासन के इस सांसद के वहीं के स्टेडियम में सैकड़ों की तादाद में बिखरे मिले पेन ड्राइवों में तकरीबन तीन हजार सेक्स क्लिप व तस्वीरें मिलते ही मामले ने तूल पकड़ लिया था। कई वीडियो वह खुद बना रहा था। वीडियो वायरल होते ही वह देश छोड़ कर भाग गया। प्रधानमंत्री रहे दादा, मुख्यमंत्री रहे चाचा और मंत्री पिता का यह इंजीनियर बेटा 2019 में देश में तीसरा सबसे कम उम्र का सांसद बनने पर चर्चा में आया था। दादा के चेताने पर जर्मनी से लौटा तो एयरपोर्ट से ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पैसों और हैसियत के बल पर महिलाओं के साथ हैवानियत करने वाले की ताकत का ही भय है कि पचास में से केवल चार पीड़िताओं ने सामने आने का साहस किया। हालांकि पहले वह खुद को बेकसूर और आरोपों को झूठा बता रहा था। मगर पकड़े जाने के बाद उसने काड़ टीवी चैनल को भेजे वीडियो में दादा, मां–बाप, जनता दल (सेक्युलर) के कार्यकर्ताओं व राज्य के लोगों से माफी मांगी। लोगों में अपराधियों के प्रति गुस्से के चलते मामले को दबाया नहीं जा सका।

बेशक, यह न्याय प्रक्रिया की ताकत है जिसने राज्य चलाने वालों की विकृति को न सिर्फ उधेड़ा, बल्कि कमजोर वर्ग की उस स्त्री को न्याय देकर छिपी बैठीं पीड़िताओं को न्याया का भरोसा दिया है। हालांकि अभी दोषी ऊपरी अदालत जाने को स्वतंत्र है। वहां तक मामला जाने और सलाखों के पीछे जाने में सालों लग सकते हैं, जिससे बच जाना जरूरी हैं। ताकतवर दोषियों को सजा दिला कर कड़ा संदेश देना बेहद जरूरी है।

## देश के पहाड़ों पर बसाहट की आधुनिक तकनीकी कौशल की आवश्यकता

**अजय दीक्षित**

उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में हिमालय की गोद में बसे पहाड़ों पर दिनों दिन आबादी और पर्यटकों होटलों,सड़कों का बेहिसाब बोझ बढ़ता चला जा रहा है, इसके चलते भूस्खलन बादल फटने भारी बारिश से उमड़े सैलाब से त्रासदी दर त्रासदी हो रही है और अब भारत सरकार को माउंटेन इंजीनियरिंग के विकसित कौशल को कड़ाई से लागू करने की आवश्यकता है।विगत दिवस ही केदारनाथ के नजदीक धावली नामक में भारी बारिश से उमड़े सैलाब में 150 से अधिक लोगों की मौत हो गई और तमाम घर,होटल,सेना का कैंप माचिस की तीलियों की तरह बिखर गया है।2013 में केदारनाथ धाम में सैलाब आया था तब हजारों लोगों मौत के मुंह में समा गए।सुनते हैं कि नैनीताल में भी बादल फटने से सैलाब आया है।दूसरी ओर भारत सरकार इन दुर्गम क्षेत्रों में सड़क, परियोजना पर कार्य कर रही है।

ऋषिकेश से बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ धाम को फोर लेन सड़क परियोजना चल रही है।पूरे गढ़वाल क्षेत्र में बड़ी बड़ी मशीनों से कार्य चल रहा है। भारत सरकार ने पर्यावरण विशेषज्ञ की राय को नजरंदाज कर कार्य किया है

ऋषिकेश से रुद्र प्रयाग रेल लाइन पर भी कार्य चल रहा है। लेकिन त्रासदी भी हो रही हैं। नैनीताल,शिमला, मसूरी,मनाली,कुल्लू, डलहौजी, अल्मोड़ा, रानीखेत, मुक्तेश्वर, बागेश्वर, कसौली, किन्नौर,आदि स्थानों पर करोड़ों की संख्या में पर्यटकों का आना जाना है।एक तरह से पर्यटक हब विकसित हो गया है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश,में होटलों का अंबार लग गया है।इससे पहाड़ों पर बोझ बढ़ गया है। पहाड़ दरकने लगे हैं और भारभरा कर गिर जाते हैं।इसे लैंड स्लाइड्स कहते हैं। रिसर्च एंड सिक्योरिटी इन हिमालियन माउंट के प्रधान अभियंता सरल नेगी कहते हैं कि उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में नियमों को ताक पर रख कर होटलों, सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है।

जबकि चाइना, तिब्बत, जापान में भी ऐसे ही इलाके हैं लेकिन उन्होंने सीमित निर्माण कार्य किया है। भारत में आबादी के दबाव और बढ़ते धनाढ्य लोगों के कारण पर्यटन पिछले दस सालों में 300 फीसदी तक बढ़ा है और अब निजी वाहनों से लोग सफर करते हैं जिसके चलते जाम की स्थिति उत्पन्न होती है और सरकार सड़कों को फोर लेन बना रही है। दूसरी दृष्टि से देखे तो रोजगार, व्यावसायिक विकास हुआ है परंतु ये विकास ,विनाश भी लेकर आ रहा है। इसलिए सरकार को इन क्षेत्रों में नए स्टेशन बनाने की आवश्यकता है और यह सुरक्षित भी होना चाहिए।

**केदारनाथ के नजदीक धावली नामक में भारी बारिश से उमड़े सैलाब में 150 से अधिक लोगों की मौत हो गई और तमाम घर,होटल,सेना का कैंप माचिस की तीलियों की तरह बिखर गया है।2013 में केदारनाथ धाम में सैलाब आया था तब हजारों लोगों मौत के मुंह में समा गए।सुनते हैं कि नैनीताल में भी बादल फटने से सैलाब आया है।दूसरी ओर भारत सरकार इन दुर्गम क्षेत्रों में सड़क, परियोजना पर कार्य कर रही है।**

## सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म जटाधरा का टीजर रिलीज, रौद्र रूप में नजर आईं एक्ट्रेस



सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू की बहुप्रतीक्षित फिल्म जटाधरा का टीजर निर्माताओं ने रिलीज कर दिया है। फिल्म के टीजर में सोनाक्षी सिन्हा रौद्र अवतार में नजर आ रही हैं, जिसमें उनका दमदार अंदाज दिख रहा है। सोनाक्षी सिन्हा की आगामी फिल्म 'जटाधराझ् का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार था। अब मेकर्स ने इस फिल्म का टीजर जारी कर दिया है। टीजर में एक्ट्रेस ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है, जिसमें उन्हें दमदार और रौद्र अवतार में देखा जा सकता है। अभिनेत्री माथे पर लाल तिलक लगाए, भारी–भरकम गहने पहने हुए और हाथ में तलवार लिए दिख रही है। साथ ही वह क्रोध में अपने दुश्मनों पर हमला करती नजर आ रही हैं। इसके अलावा फिल्म में अभिनेता सुधीर बाबू के लुक को दमदार तरीके से प्रदर्शित किया गया है। टीजर में अभिनेता शिव भक्त के रूप में नजर आ रहे हैं। सुधीर बाबू गले में रुद्राक्ष की माला और माथे पर तिलक लगाए दिख रहे हैं। इसके साथ ही वह त्रिशूल लेकर सोनाक्षी सिन्हा के किरदार से युद्ध करते नजर आ रहे हैं। फिल्म जटाधरा एक पौराणिक थ्रिलर है, जिसमें भारतीय पौराणिक कथाओं को रोमांचक दृश्यों और डार्क फैंटेसी के साथ जोड़ा गया है। फिल्म के पोस्टर और टीजर में देखा गया कि त्रिशूल, गरजते बादल, भगवान शिव के भक्त और सोनाक्षी सिन्हा का रोद्र रूप दिखाई दे रहा है, जो कहानी को और दमदार और प्रभावशाली बनाता है।

### नरेश अगस्त्य और रबिया खातून की मेघलु चेपिना प्रेम कथा का दिल छू लेने वाला ट्रेलर जारी

युवा नायक नरेश अगस्त्य की आगामी फ़िल्म मेघलु चेप्पिना प्रेम कथा, जिसका निर्देशन विपिन ने किया है और सुनेत्रा एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले उमा देवी कोटा ने निर्मित किया है, ने अपने भावपूर्ण संगीत, भावपूर्ण टीज़र और मधुर गीतों से काफ़ी उत्साह पैदा किया है। कहानी के एक अलग भावनात्मक पहलू को उजागर करने वाले दो अलग–अलग टीज़र ने दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है और अच्छी उम्मीदें जगा दी हैं। आज, फ़िल्म का थिएटर ट्रेलर रिलीज़ हो गया है।

एक भावुक महत्वाकांक्षी संगीतकार, जो अपनी महान दादी के पदचिन्हों पर चलने के लिए दृढ़ है, को अपने पिता के कड़े विरोध का सामना करना पड़ता है, जो उसे संगीत में रुचि लेने से मना कर देते हैं। प्रेरणा की तलाश में, वह एक शांत पहाड़ी इलाके में भाग जाता है, जहाँ उसकी मुलाकात एक जीवंत और मनमोहक लड़की से होती है जो उसका नज़रिया बदल देती है। व्यक्तिगत संघर्षों और भावनात्मक बाधाओं के बीच, उसे अपनी प्रतिभा साबित करनी होगी, अपने प्यार को जीतना होगा और तमाम मुश्किलों के बावजूद अपने सपनों को पूरा करना होगा।

## एशिया कप 2025: सूर्यकुमार कप्तान, गिल—अक्षर उपकप्तान!

नईदिल्ली,भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड से 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने के बाद सीधी एशिया कप में उतरने वाली है. जो 2026 में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप की वजह से टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा. ये एशियाई टूर्नामेंट 9 से 28 सितंबर तक यूएई के अबू धाबी और दुबई में खेले जाएंगे. भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर से यूएई के खिलाफ करेगी, उसके बाद 14 सितंबर को उनका मैच पाकिस्तान से है और फिर 19 को वो अपना आखिरी ग्रूप मैच ओमान से खेलेंगे. इस टूर्नामेंट से पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सामने सबसे बड़ा चैलेंज टीम स्क्वाड का सिलेक्शन है, जिसका ऐलान इसी महीने के आखिरी में किया जा सकता है. इस स्क्वाड में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी शामिल हो सकते है. इसके अलावा, टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के उप–कप्तान बनने की रेस में टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल और ऑलराउंडर अक्षर पटेल सबसे आगे है. बता दें कि इंग्लैंड के खिलाफ हालिया टेस्ट सीरीज में शुभमन गिल ने शानदार प्रदर्शन किया था. वो सीरीज में सबसे ज्यादा 754 रन बनाने वाले बल्लेबाज भी रहे. इसके अलावा उन्होंने पिछले आईपीएल में गुजरात टाइटंस की कप्तानी के साथ साथ बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया था. वहीं दूसरी ओर पिछली टी20 सीरीज के उपकप्तान अक्षर पटेल ने भी टी20 मैचों में अच्छा करते आ रहे हैं, जिसकी वजह से एशिया कप टी20 के लिए उप–कप्तानी का चयन भी बड़े चैलेंजेज में से एक बड़ा चैलेंज है. इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में वर्कलोड की वजह से तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पांच टेस्ट में से केवल दो मैच ही खेले थे. इंजरी से बचने के लिए टीम मैनेजमेंट उन्हें सिर्फ बड़े बड़े मैचों में ही यूज करना चाहती है.




रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वो भी इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए तैयार हैं, लेकिन अक्टूबर की शुरुआत में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए उन्हें आराम दिया जा सकता है. अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति के सामने एशिया कप स्क्वाड के सिलेक्शन में चैलेंजेज तो है. लेकिन ये भी समझा जा रहा है कि चयन समिति टीम में ज्यादा बदलाव नहीं करना चाहेगी क्योंकि अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, सूर्यकुमार, तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या शीर्ष पांच में मजबूत खिलाड़ी हैं.

## अबीर गुलाल के निर्माताओं ने अपनाया दिलजीत दोसांझ वाला पैंतरा

फवाद खान और वाणी कपूर की फिल्म अबीर गुलाल पर खूब विवाद हुआ था। विवाद की वजह थी कि इसमें काम करने वाले पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी कलाकारों के लिए भारत और भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के सभी दरवाजे बंद कर दिए गए। बहरहाल, अब निर्माता फिल्म रिलीज करने के लिए दिलजीत दोसांझ की सरदार जी 3 वाली रणनीति अपना रहे हैं। वे भारत छोड़कर दुनियाभर के सिनेमाघरों में फिल्म रिलीज करने वाले हैं। पहलगाम हमले के बाद से ऐसा कहा जा रहा था कि शायद फिल्म अबीर गुलाल को अब कभी रिलीज न किया जाए। हालांकि, हालिया मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह पिक्चर रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है और वो भी इसी महीने यानी अगस्त में। जिस रणनीति के साथ दिलजीत दोसांझ की सरदार जी 3 ने खूब पैसे छापे, अब वही काम इस फिल्म के साथ होगा। हालांकि, देखना ये होगा कि फिल्म वैश्विक स्तर पर कितना कमाती है।



अबीर गुलाल 29 अगस्त को दुनियाभर के सिनेमाघरों में आएगी। साथ ही फिल्म का नाम बदलकर आबीर गुलाल कर दिया जाएगा, जो फिलहाल अबीर गुलाल है। अंदरखाने से मिली जानकारी के मुताबिक, अबीर गुलाल के निर्माता सरदार जी 3 वाली राह पर चल रहे हैं। दरअसल, दिलजीत की यह फिल्म भी भारत में रिलीज नहीं हो पाई थी, क्योंकि इसमें पाकिस्तानी अभिनेत्री हानिया आमिर थीं।

इसने दुनियाभर से तगड़ा कारोबार

### दलीप ट्रॉफी में नॉर्थ जोन की टीम का कैसा रहा है प्रदर्शन?

नईदिल्ली, दलीप ट्रॉफी के इतिहास में जब–जब सफल टीमों का जिक्रहोगा, तब–तब नॉर्थ जोन का जिक्रनिश्चित तौर पर किया जाएगा। भारत के इस घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट टूर्नामेंट में नॉर्थ जोन की टीम ने 18 खिताब जीते हैं। आगामी 28 अगस्त से अगला संस्करण शुरू होगा, जिसमें इस बार नॉर्थ जोन की कप्तानी शुभमन गिल करते हुए नजर आएंगे। इस बीच टीम के प्रदर्शन पर आंकड़ों के जरिए एक नजर डालते हैं। नॉर्थ जोन ने 55 दलीप ट्रॉफी संस्करणों में हिस्सा लिया है, जिसमें से 18 बार उन्होंने खिताब जीता है। केवल वेस्ट जोन ही 19 खिताबों के साथ नॉर्थ जोन से आगे है। इस मामले में साउथ जोन तीसरे पायदान पर है, जिसने 13 खिताब जीते थे। बता दें कि 1961 में दलीप ट्रॉफी की शुरुआत के बाद से नॉर्थ जोन को अपना पहला खिताब जीतने में 13 सीजन लगे थे। दलीप ट्रॉफी के इतिहास में नॉर्थ जोन ने 26 बार फाइनल में जगह बनाई है।

## टेस्ट क्रिकेट: इन बल्लेबाजों ने बिना दोहरा शतक लगाए 7,500 से अधिक रन बनाए

नईदिल्ली, टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में अब तक सिर्फ एक बल्लेबाज ने 400 रन का आंकड़ा छूआ है। वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा ने इंग्लैंड के खिलाफ 2004 में टेस्ट में नाबाद 400 रन बनाए थे। अब तक कई बल्लेबाज तिहरा और दोहरा शतक भी जड़ चुके हैं। इस बीच कुछ ऐसे भी बल्लेबाज हैं, जिन्होंने अपने टेस्ट करियर में 7,500 से अधिक रन बनाए, लेकिन कोई भी दोहरा शतक नहीं लगा सके थे। आइए इस सूची के बारे में जानते हैं। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर एलेक्स स्टीवर्ट ने 133 मैच खेले थे, जिसमें 39.54 की औसत के साथ 8,463 रन बनाए थे। उन्होंने अपने करियर में 15 शतक और 45 अर्धशतक भी लगाए थे। इस प्रारूप में उनका सर्वोच्च स्कोर 190 रन रहा था। हालांकि, उन्होंने प्रथम श्रेणी करियर में दोहरा शतक (271*) लगाया था। अपने प्रथम श्रेणी करियर में इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 40.06 की औसत से 26,165 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज मार्क वॉ इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने अपने टेस्ट करियर में 128 मैच खेले थे, जिसमें 41.81 की औसत के साथ 8,029 रन बनाए थे। उन्होंने 20 शतक और 47 अर्धशतक भी अपने नाम किए थे। इस बीच उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 153* रन रहा था। वह ऑस्ट्रेलिया की ओर से टेस्ट में 8वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज माइक एथरटन 100 से ज्यादा टेस्ट खेलने के बावजूद दोहरा शतक नहीं लगा सके थे।



## एक नजर

### कोटी में मिलन केंद्र ध्वस्त, तीन मवेशी की मौत, दो गंभीर

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिले में लगातार हो रही बारिश से आम जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। जिले के पैठाणी थाना क्षेत्र के ग्राम कोटी में मिलन केंद्र की छत गिरने से तीन पालतू मवेशियों की मलबे में दबने से मौत हो गई। जबकि दो पशुओं की स्थिति गंभीर बनी हुई है तथा दो पशुओं को बचाया गया है। पैठाणी थाने के अपर उपनिरीक्षक आनंद सिंह खरोला ने बताया कि थाने में आपदा कंट्रोल के माध्यम से ग्राम कोटी में मिलन केंद्र की छत गिरने से मवेशियों के दबने की सूचना मिली थी। घटना में हर्ष लाल के 7 मवेशी मलबे में दब गए। बताया कि मौके पर जाकर ग्रामीणों के साथ रेस्क्यू अभियान चलाया गया। इस दौरान 3 पशुओं की मृत्यु हो गई जबकि 2 पशुओं की स्थिति गंभीर बनी है। बताया कि 2 पशुओं को सकुशल बचाया गया है।

### योग अनुदेशकों ने सरकार से की मानदेय देने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में तैनात योग अनुदेशकों को करीब पांच महीने से मानदेय नहीं मिल पाया है। कहा कि एक ओर सरकार स्कूलों व महाविद्यालयों में योग शिक्षकों की नियुक्ति की बात कर रही है, लेकिन दूसरी ओर समय पर मानदेय नही दिया जा रहा है। योग अनुदेशकों ने सरकार से जल्द ही मानदेय देने की मांग की है।

पौड़ी में आयोजित योग अनुदेशक संघ की बैठक में संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय रतूड़ी ने बताया कि पौड़ी जिले में आयुर्वेदिक चिकित्सालयों, वेलनेस सेंटरों में तैनात पुरुष व महिला योग अनुदेशकों को पिछले लगभग पांच महीने से मानदेय नहीं मिला है, जिससे उनके समक्ष आर्थिकी की समस्या खड़ी हो गई है। कहा कि बीते महीने विश्व योग दिवस के तहत सभी योग अनुदेशकों को योग शिविर का टास्क दिया गया था। बैठक में योग अनुदेशिका पुष्पा बिष्ट, पद्मा गुसाईं, दीपक पंवार, शकुंतला नयाल, गीता रावत, मनिंदर नेगी आदि मौजूद थे।

### योजना का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनीं मधु

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। महिलाओं इन योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बन रही है। पौड़ी ब्लॉक की वजली गांव की एक महिला योजना का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनी है। पौड़ी ब्लॉक की वजली गांव की मधु देवी ग्रामोत्थान परियोजना (रीप) की मदद से आत्मनिर्भर बन रही है। परियोजना के तहत मधु देवी को ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएससी) खोलने के लिए 75 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई। ग्रामोत्थान परियोजना से मिली धनराशि, बैंक लोन और कुछ अपनी जमा पूंजी लगाकर उन्होंने खाण्डयूंसैंण बाजार में सीएससी खोलां। वह इससे प्रतिमाह 10 हजार रुपये तक की कमाई कर रही हैं। इसके अलावा मधु बैंक सखी भी है। इन व्यापारिक गतिविधियों से मधु आर्थिक रूप से स्वावलंबी हो रही है। उत्तराखण्ड में मातृ शक्ति को आर्थिक आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित हो रही हैं। महिलाएं इनका लाभ उठाकर अपने पैरों में खड़ी हो रही हैं।

### प्रशासन ने चार अस्थायी दुकानें हटाई

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : मंगलवार को प्रशासन ने धारा रोड किनारे बनी चार अस्थायी दुकानों को हटाया गया। दुकान स्वामियों ने प्रशासन की कार्रवाई का विरोध भी किया। पूर्व में प्रशासन ने इन अतिक्रमणकारियों को नोटिस भी जारी किए थे। मंगलवार को संयुक्त मजिस्ट्रेट दीक्षिता जोशी की अगुवाई में प्रशासन और पुलिस की टीम अतिक्रमण हटाने के लिए पौड़ी की धारा रोड पहुंची। दुकान स्वामियों का कहना था कि वह किसी तरह से अपना रोजगार संचालित कर रहे हैं, लेकिन उनको यहां से हटवाया जा रहा है। संयुक्त मजिस्ट्रेट दीक्षिता जोशी ने बताया कि धारा रोड पर सड़क किनारे कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किया था। जिससे यातायात प्रभावित होने के साथ ही पार्किंग को लेकर दिक्कतें हो रही थी। पूर्व में इन दुकान स्वामियों को यहां से हटने को लेकर नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन उनके द्वारा सामान नहीं हटवाया गया।

# गाय हो रही शिफ्ट, नंदी पर नहीं है ध्यान

## शहर में लगातार बढ़ती जा रही गोवंश (नंदी) की तादाद लगातार हो रही घटनाओं के बाद भी नींद में नगर निगम


कोटद्वार में गिवईस्रोत पुल पर बैठा निराश्रित गोवंश (नंदी) का झुंड

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भले ही नगर निगम शहर वासियों को आवारा गोवंश से निजात दिलवाने की बात कर रहा हो। लेकिन, हकीकत यह है कि नगर निगम का ध्यान केवल गाय को ही शिफ्ट करने पर है। जबकि, सड़क पर घूम रहे गोवंश (नंदी) की तादाद आमजन के लिए मुसीबत बनती जा रही है। गोवंश काश्तकारों के खेतों में घुसकर उनकी मेहनत पर भी पानी फेर रहे हैं। नगर निगम निराश्रित गोवंश संरक्षण के लिए अभियान चलाने के दावे कर रहा है। लेकिन, हकीकत यह है कि नगर निगम का ध्यान केवल सड़क पर घूम रही गाय को शिफ्ट करने तक ही है। जबकि, सड़क पर लगातार गोवंश (नंदी) की तादात बढ़ती जा रही है। जगह-जगह गोवंश (नंदी) सड़क पर बैठे रहते हैं। जिसके कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। साथ ही राहगीरों को दुर्घनाओं का भी खतरा बना रहता है। गलियों में घूमने वाले गोवंशों के कारण बुजुर्ग व बच्चों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। शाम के समय नदी के ऊपर बने पुलों में गोवंश का झुंड बैठा हुआ आसानी से देखा जा सकता है। देवी रोड में दो गोवंश (नंदी) सड़क पर आपस में लड़ने लगे। जिसके कारण एक स्कूटी सवार सड़क पर गिर गया।

### अब तक हुई घटनाएं

कुछ माह पूर्व जौनपुर में अपने घर के बाहर खड़े एक व्यक्ति पर गोवंश ने हमला कर दिया था। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को बेस अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन, कुछ दिन बाद ही उपचार के दौरान व्यक्ति की मौत हो गई। काशीरामपुर तल्ला में भी गोवंश ने एक व्यक्ति पर हमला कर दिया था। बेस अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद व्यक्ति को हायर सेंटर रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान उनकी भी मौत हो गई थी। पटेल मार्ग में सब्जी खरीद रही महिला पर गोवंश ने हमला कर दिया था। महिला को उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया। लगातार घटनाओं के बाद पूर्व सैनिक सहित अन्य संगठनों ने नगर निगम व प्रशासन से गोवंशों को पकड़ने के लिए अभियान चलाने की बात कही। लेकिन, आज तक निगम का यह अभियान रंग नहीं ला पाया है। यही नहीं अब तक नगर निगम ने गोवंशों को सड़क पर छोड़ने वालों के खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं की।

### इन स्थानों पर बनी है समस्या

सबसे अधिक परेशानी बदरीनाथ मार्ग, झंडाचौक, पटेल मार्ग, नजीबाबाद रोड, स्टेशन रोड, देवी रोड, मानपुर व भाबर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर बनी हुई है। सड़क पर घूमने वाले यह गोवंश कई बार दुकानों के भीतर तक घुस जाते हैं। कुछ माह पूर्व एक नंदी झंडाचौक में इलेक्ट्रनिक की दुकान में घुस गया था। दुकान में बैठे व्यापारी ने भागकर अपनी जान बचाई।


कोटद्वार के डीएवी कालेज में वैक्यूम क्लीनर माडल बनाते शिक्षक

# वैक्यूम क्लीनर बनाने की सीखी कला

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : बलभद्रपुर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में नीति आयोग व स्कूल शिक्षा व साक्षरता विभाग की ओर से कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें शिक्षकों को वैक्यूम क्लीनर बनाने की कला सिखाई गई।

विद्यालय की अटल टिंकरिंग लैब में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विद्यालय के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। शिक्षकों ने नवाचार का प्रयोग करके वैक्यूम क्लीनर का मॉडल तैयार किया। प्रतिभा रावत, हिना सडाना, रंजना, चित्रा नेगी व मृणालिनी ने बेहतर मॉडल तैयार कर अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम का संचालन संजय शर्मा ने किया। सदस्यों ने शिक्षकों से नवाचार के लिए विद्यार्थियों को भी जागरूक करने की अपील की। कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मिल सकें इसके लिए हम सभी को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नितिन भाटिया आदि मौजूद रहे।

# एकेश्वर महादेव मंदिर में गढ़वाली भजनों पर झूमे भक्त

जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : शिव मन्दिर कल्याण समिति द्वारा सावन माह के उपलक्ष्य में एकेश्वर महादेव मन्दिर में सोमवार देर शाम को भजन संध्या का अयोजन किया गया। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष व भजन गायक संजय सिंह रावत ने जो गीतों के मैंने.., गणपति गणेश जी.., शिव शंकर च उत्तराखंड कू.., बाबा महाबगढ़ बल तेरी आदि भजन सुनाकर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।भजन संध्या में संस्कृति विभाग देहरादून की ओर से सन्देश कला सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था के कलाकारों की भजनों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। भजन संध्या का शुभारंभ गुरु वन्दना से किया गया। इस दौरान मनीष लखेड़ा की बंसी बाजे दे, कैलाशू मां रेंदा शम्भू भोलेनाथ.., राजी खुशी राखी.., और मीरा बिष्ट की प्रस्तुति हिमवंत देश होला त्रिजुगीनारायण.., मेरु कुटुम्ब परिवार राजी रखी मां.. आदि भजनों की प्रस्तुति पर भक्त झूमते रहे। भजन संध्या में कीबोर्ड पर सुनील राणा, ढोलक पर दीपक पाल, ऑक्टोपैड पर पुनीत थापा और हुड़के पर ऋषि ध्यानी ने संगत दी। इस अवसर पर मन्दिर समिति के वर्तमान अध्यक्ष कुलदीप किशोर जोशी, पूर्व अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जदली, उपाध्यक्ष सुनील रावत, सचिव तेजपाल पंवार और कोषाध्यक्ष हरीश चंद बडोला सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों ने अपनी माता के साथ किया पौधा रोपण

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : एक पेड मां के नाम कार्यक्रम के तहत सरस्वती शिशु मंदिर जानकीनगर में पौधा रोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी माता के साथ मिलकर विद्यालय में पौधा रोपण किया। मंगलवार को विद्यालय परिसर में शिक्षक प्रयागदत्त चमोली के नेतृत्व में पौधा रोपण अभियान चलाया गया। इससे पूर्व शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पौधा रोपण के महत्व के बारे में बताया। कहा कि बिना पर्यावरण संरक्षण हम धरती पर जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। हमें अधिक से अधिक लोगों को पौध रोपण के प्रति जागरूक करना चाहिए। अभियान के दौरान विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों ने एक साथ विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया। इस मौके पर शिक्षक मनोज जोशी, अंचल अग्रवाल, योगेश नेगी, गीता रावत, सुनीता पंत, अंजू चमोली, श्रेया चौधरी, पूजा चतुर्वेदी, हेमा पांडे आदि मौजूद रहे।

# धराली आपदा में मदद के लिए सिद्धबली मंदिर समिति ने दी धनराशि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : उत्तरकाशी के धराली में आपदा प्रभावितों की मदद के लिए श्री सिद्धबली मंदिर समिति ने दो लाख रुपये की सहायता धनराशि दी है। इस दौरान समिति के सदस्यों ने आपदा में मारे गए लोगों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि इस विपदा की घड़ी में पूरा देश आपदा प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है।

मंदिर में लैंसडौन विधायक व मंदिर के महंत दिलीप रावत की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में धराली में आई आपदा पर चिंता व्यक्त की गई। वक्ताओं ने कहा कि आपदा के कारण कई परिवार बर्बाद हो गए। आपदा लोगों का घर-खेत लील गई।

कहा कि इस विपदा की घड़ी में पूरा उत्तराखंड धराली के आपदा प्रभावितों के साथ खड़ा है। कहा कि कई लोग धराली के पीड़ितों के लिए धनराशि भी दे रहे है।


कोटद्वार तहसील में उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी के माध्यम से मुख्यमंत्री को चेक भेजते समिति के सदस्य

इसी के तहत सिद्धबली मंदिर समिति ने भी प्रभावितों के लिए दो लाख रुपये देने का निर्णय लिया है। बैठक के उपरांत सदस्य तहसील में पहुंचे और उन्होंने उपजिलाधिकारी सोहन सैनी के माध्यम से मुख्यमंत्री को धनराशि का चेक भेजा। कहा कि सिद्धबली मंदिर समिति व उसके सदस्य आपदा प्रभावितों की हर मदद के लिए खड़े रहेंगे। इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष जगदंबा प्रसाद ध्यानी, हरीश घिल्डियाल, शिव प्रसाद पोखरियाल, ऋषभ भंडारी, रवींद्र नेगी, विजयानंद पोखरियाल, गिरीश कोठियाल, मनोहर भंडारी, विवेक अग्रवाल, संदीप चौधरी आदि मौजूद रहे।

# एक समुदाय के लोगों को भूमि बेचने पर रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : काशीरामपुर तल्ला में एक समुदाय के लोगों को भूमि बेचने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा। मंगलवार को उक्त भूमि पर पहुंचे आसपास के लोगों ने भूमि विक्रेता की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े किए। कहा कि लगातार शिकायत के बाद भी शासन-प्रशासन समस्या को लेकर लापरवाह बना हुआ है।

मंगलवार सुबह स्थानीय लोग उक्त स्थान पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि काशीरामपुर तल्ला क्षेत्र हिंदू बाहुल्य क्षेत्र है। ऐसे में यहां पर बड़ी भूमि को अन्य समुदाय के लोगों को बेचकर माहौल खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रोपर्टी डीलर जानबूझकर इस जमीन को दूसरे समुदाय के लोगों को बेच रहा है। प्रोपर्टी डीलर की इस कार्यप्रणाली से क्षेत्र में धामर्कि उन्माद फैलने का खतरा बना हुआ है।


कोटद्वार के काशीरामपुर तल्ला में विरोध कर रही महिलाओं को समझाते पुलिस कर्मी

कहा कि दूसरे समुदाय को जमीन न बेचे जाने के मामले को लेकर उपजिलाधिकारी से भी शिकायत की जा चुकी है। लेकिन उसके बाद भी प्रोपर्टी डीलर अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। कहा कि यही नहीं अब तो दूसरे समुदाय के जमीन पर हिंदुओं की आड़ लेकर मकान बनवाने की भी तैयारी चल रही है। क्षेत्र की महिलाओं ने कहा कि वे किसी भी सूरत में इस क्षेत्र में दूसरे समुदाय के लोगों को नहीं बसने देंगें। चाहे उन्हें इसके लिए आंदोलन ही क्यों न करना पड़े। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर शांत करवाया।

# जरूरतमंदों की मदद सबसे बड़ा धर्म : आचार्य राकेश लखेड़ा

**जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार :** आचार्य राकेश चंद्र लखेड़ा ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की मदद सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने अभिभावकों को भी अपने बच्चों को धर्म के प्रति जागरूक करने को कहा।

उमरावनगर के महाकालेश्वर मंदिर में सार्वजनिक महा शिवपुराण कथा के अंतिम दिन आचार्य राकेश लखेड़ा ने कहा कि अन्न दान सभी दानों में सर्वोत्तम दान माना गया है। कथा के अंतिम दिन लक्ष्मी नारायण कीर्तन मंडली ने पूजा अर्चना कार्यक्रम संपन्न करवाया। तत्पश्चात आचार्य राकेश लखेड़ा ने शिव महापुराण कथा का वाचन करते हुए अन्न दान के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि अन्न दान सर्वोत्तम दान है। कहा कि घर में आए अतिथियों प्रेम पूर्वक भोजन करवाना चाहिए। साथ ही भिक्षा मांगने के लिए आए लोगों को भी यथा शक्ति अन्न व धन का दान करना चाहिए। कहा कि अन्न दान करने से परलोक में सुख मिलता है व स्वर्ग की प्राप्ति का मार्ग भी प्रशस्त होता है। इस मौके पर गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र अण्थ्वाल, पार्षद सौरभ नौडियाल, विवेक जुयाल, निर्मल सिंह, पंकज नेगी, अरविंद सिंह, प्रकाश चंद्र देवरानी, देवेंद्र ध्यानी मौजूद रहे।


मंदिर में कथा का वाचन करते आचार्य राकेश चंद्र लखेड़ा

## छात्राओं ने जवानों को पहनाईं राखियां

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में गृहविज्ञान विभाग की छात्राओं ने स्वतंत्रता दिवस और हर घर तिरंगा अभियान के तहत केसरिया, सफेद और हरे रंग से सजी विशेष राखियां तैयार की हैं। मंगलवार को छात्राओं ने राखियां एसएसबी के जवानों समेत श्रीनगर पुलिस के जवानों को पहनाईं। रक्षा सूत्र बांधने की शुरुआत कुलपति प्रो. प्रकाश सिंह से हुई। गृह विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनीता सती ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाना तथा विद्यार्थियों में राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की भावना विकसित करना है।

## गढ़वाल विवि के चौरास परिसर में एंटी-रैगिंग सप्ताह शुरू

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि के चौरास परिसर स्थित स्वामी मन्मंथन सभागार में मंगलवार को एंटी-रैगिंग दिवस पर एंटी-रैगिंग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं से सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के उच्च शैक्षणिक संस्थानों में रैगिंग की समस्या को रोकने के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने की अपील की गई। गढ़वाल विवि के एंटी-रैगिंग समिति के अध्यक्ष एवं मुख्य नियन्ता प्रो. एससी सती ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार, रैगिंग भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के अंतर्गत एक दंडनीय अपराध है। आईपीसी के तहत किसी छात्र, विशेष रूप से नवप्रवेशी के प्रति शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न, परेशान करना, अपमानित करना, चिढ़ाना या ऐसा अव्यवस्थित व्यवहार शामिल है जो शर्मिंदगी, भय या हानि उत्पन्न करे यह सब रैगिंग के अंतर्गत आता है।

## उच्च शिक्षा संस्थानों में बढ़ते नशे एवं मोबाइल फोन की लत पर जताई गंभीर चिंता

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर युवा एवं सतत विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरणः विकसित भारत @2047 थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने की प्रतिज्ञा भी दिलाई गई। बतौर मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि उच्च शिक्षा को राष्ट्रीय विकास के लक्ष्यों के अनुरूप बनाया जाएगा।

मंगलवार को चौरास परिसर स्थित स्वामी मनमंथन प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने उच्च शिक्षा संस्थानों में बढ़ता नशा एवं मोबाइल फोन की लत पर गंभीर चिंता जताई। कौशल आधारित शिक्षा को शैक्षणिक पाठ्यक्रमों से जोड़ने तथा सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) को वर्ष 2035 तक 35 प्रतिशत तक पहुंचाने पर बल दिया। डा. रावत ने विश्वविद्यालय की रैकिंग सुधार के लिए पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि प्रो. समीर आनंद ने विकसित भारत @2047 के संदर्भ में डेटा क्रांति की परिवर्तनकारी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए जिज्ञासा, करुणा एवं साहस पर बल दिया।

## होमगार्डों को पढ़ाया कानून का पाठ

श्रीनगर गढ़वाल : होमगार्ड प्रशिक्षण केन्द्र श्रीकोट में 13 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के तहत होमगार्डों को दंगा नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और कानून-शांति व्यवस्था बनाए रखने का श्रीकोट चौकी प्रभारी एसआई मुकेश गैरोला ने प्रशिक्षण दिया। चौकी प्रभारी मुकेश गैरोला ने बताया कि कभी-कभी आपसी विवाद बड़े साम्प्रदायिक दंगों का रूप ले लेते हैं, जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ जाती है। ऐसे में पुलिस और सुरक्षा बलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने प्रदेश के ऊधमसिंह नगर, देहरादून, हरिद्वार और पौड़ी गढ़वाल जैसे क्षेत्रों को संवेदनशील बताते हुए होमगार्डों को सुझाव दिया कि किसी भी घटना की तत्काल सूचना उच्चाधिकारियों और कंट्रोल रूम को दें। संभावित दंगा प्रभावित क्षेत्रों में यातायात को अन्य मार्गों पर डायवर्ट करें।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मनोज रावत पुत्र स्व0 आनन्द सिंह रावत व मेरी पुत्रवधु रेखा पत्नी मनोज रावत निवासीगण कमला नेहरू मार्ग, दुगड्डा, तहसील कोटद्वार मेरे कहने सुनने में नहीं है। मैं आज दिनांक 12-08-2025 को अपने पुत्र मनोज रावत व पुत्रवधु रेखा को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। आज दिनांक 12-08-2025 से मेरे पुत्र व मेरी पुत्रवधु के किसी भी प्रकार के लेन-देन व कृत्य के जिम्मेदार ये दोनों स्वयं होगें।

**मुन्नी देवी पत्नी आनन्द सिंह निवासी पहाडगंज, ब्लॉक दुगड्डा, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

**(1153/21)**


## एक समग्र और छात्र-केंद्रित शिक्षा प्रणाली की तत्काल आवश्यकता पर दिया जोर

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) द्वारा विकसित भारत में उच्च शिक्षा की भूमिका पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। एक सप्ताह तक चलने वाले इस कार्यक्रम में 17 अलग-अलग राज्यों के 100 से अधिक उच्च शिक्षा संकाय सदस्य प्रशिक्षित होंगे। मंगलवार को चौरास स्थित फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर में आयोजित ऑनलाइन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. बीआर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय सोनीपत के कुलपति प्रो. देवेंद्र सिंह ने विकसित भारत के विजन को प्राप्त करने के लिए शिक्षा प्रणाली में एक मूलभूत बदलाव का आह्वान किया। उन्होंने पारंपरिक तरीकों से परे एक समग्र और छात्र-केंद्रित शिक्षा प्रणाली की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। कहा कि अप्रयुक्त योग्य मानव संसाधनों को जल्द से जल्द औपचारिक शिक्षा प्रणाली में एकीकृत करने के लिए एक स्पष्ट नीति की आवश्यकता है, जो कि विश्व गुरु विकसित भारत के निर्माण में योगदान के लिए महत्वपूर्ण होगा। प्रो. देवेंद्र सिंह ने अकादमिक-उद्योग संबंधों को मजबूत करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्री प्रकाश सिंह ने एमएमटीटीसी टीम के निरंतर प्रयासों की सराहना की। एमएमटीटीसी के कार्यवाहक निदेशक डॉ. राहुल कुंवर सिंह ने उच्च शिक्षा की विकसित होती भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों और कॉलेजों की जिम्मेदारी अब केवल रोजगार योग्य स्नातक तैयार करने तक सीमित नहीं है, बल्कि जिम्मेदार, नैतिक और विश्व स्तर पर सक्षम व्यक्तियों को विकसित करना है, जो समावेशी और सतत विकास की दिशा में भारत का नेतृत्व करेंगे।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे डी0एल0 UK1520040004209 में मेरा नाम सुभाष चन्द्र (SUBHASH CHANDRA) पुत्र श्री रमेश चन्द्र (RAMESH CHANDRA) निवासी गोविन्दनगर, कोटद्वार गढ़वाल-246149 दर्ज है, जो कि अपूर्ण व गलत है। जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम व पता सुभाष चन्द्र ढौंडियाल (SUBHASH CHANDRA DHOUNDIYAL) पुत्र श्री रमेश चन्द्र ढौंडियाल (RAMESH CHANDRA DHOUNDIYAL) निवासी Govind Nagar, Post & Tehsil-Kotdwara, Distt.- Pauri Garhwal, Uttarakhand-246149 दर्ज है, जो कि सही है।

अतः मेरे डी0एल0 UK1520040004209 में मेरा नाम व पता सुभाष चन्द्र ढौंडियाल (SUBHASH CHANDRA DHOUNDIYAL) पुत्र श्री रमेश चन्द्र ढौंडियाल (RAMESH CHANDRA DHOUNDIYAL) निवासी Govind Nagar, Post & Tehsil- Kotdwara, Distt.- Pauri Garhwal, Uttarakhand-246149 दर्ज किया जाये।

(1152/51)



## कार्यालय :- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)

**पत्रांक :-** 2499/कर अनु0/आ0अना0/भव0ना0/2025-26 **दिनांक :-** 12/08/2025

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा नगर निगम कोटद्वार के भवन कर अभिलेखों पूर्व भवन स्वामी के स्थान पर अपना नाम दर्ज करने हेतु स्वामित्व प्रमाण पत्रों एवं शपथ पत्र आदि के आधार पर आवेदन किया गया है।

अतः नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा 213(ख) के अन्तर्गत समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस किसी को निम्न नामान्तरण/नामान्तरणों पर आपत्ति हो वह मय साक्ष्यों को उपरोक्त सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। मियाद समाप्त होने पर उपलब्ध अभिलेखिया साक्ष्यों के आधार पर सम्पत्ति के नामान्तरण हेतु निर्णय पारित कर लिये जायेंगें।

| क्र. सं. | सम्पत्ति संख्या एवं मौहल्ले/वार्ड का नाम | भवन कर अभिलेखों में दर्ज नाम (नाम जो निरस्त होना है) एवं आच्छादित क्षेत्रफल | आवेदक का नाम व पता (नाम जो दर्ज होना है) | सम्पत्ति का स्वामित्व प्राप्त करने का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 559/12 वार्ड नं0 12 कालीदास मार्ग जौनपुर | श्री दिनेशचन्द्र नौडियाल पुत्र स्व0 श्री परमानन्द नौडियाल | श्रीमती दयमन्ती देवी एवं श्री नरेश कुमार पत्नी एवं पुत्र स्व0 श्री दिनेशचन्द्र नौडियाल का नाम दर्ज किया जाना है। | पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, खाता-खतौनी, उत्तरजीवी प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र |
| 2 | 92/12 वार्ड न0 12 अपर कालाबड | श्रीमती गीतादास पत्नी स्व0 श्री अशोक कुमार दास | श्री विश्रामदास पुत्र स्व0 श्री अशोक कुमार दास | माता का मृत्यु प्रमाण, खाता-खतौनी, उत्तरजीवी प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र |
| 3 | 590/12 अपर कालाबड वार्ड नं0 12 | श्री शिवलाल जदली पुत्र स्व0 श्री गिरधारीलाल जदली | श्री प्रदीप कुमार पुत्र स्व0 श्री शिवलाल जदली | माता-पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र, खाता-खतौनी, उत्तरजीवी प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र |
| 4 | 94/04 विकासनगर, गाडीघाट वार्ड न0 04 | श्रीमती रजनी बिष्ट पत्नी स्व0 श्री मनोहर ख्यात सिंह बिष्ट | श्रीमती मीना बिष्ट, श्री अजितेश बिष्ट पत्नी एवं पुत्र स्व0 श्री संजय बिष्ट | पति एवं सास का मृत्यु प्रमाण पत्र, खाता-खतौनी, उत्तरजीवी प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र |
| 5 | 223A/04 गाडीघाट वार्ड न0 04 उक्त अनावासीय भू-भवन का कुल आच्छादित क्षेत्रफल 190.42 वर्गफीट याने 17.69 वर्ग मीटर | श्रीमती राजकुमारी पत्नी श्री दीवानचन्द्र | कुसुम बटोला पुत्री स्व0 श्री जगमोहन सिंह रावत | क्रय की गयी दुकान की रजिस्ट्री, एवं शपथ पत्र |

**सहायक नगर आयुक्त**
**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।**
**(1151/51)**

## संक्षिप्त समाचार

### निबंध प्रतियोगिता में संजना ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में नमामि गंगे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में 'हर घर तिरंगा, हर घाट तिरंगा' के कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। निबन्ध प्रतियोगिता में बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा संजना, अनीता, बीएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा महक रानी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर डॉ. प्रमिल्ला चौहान, डॉ. अजय कुमार, प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र चन्द्र सिंह, डॉ. विवेक रावत आदि मौजूद थे।

### पुलिस ने दुपहिया वाहनों की कराई नीलामी

श्रीनगर गढ़वाल : कोतवाली श्रीनगर परिसर में वर्षों से खड़े और विभिन्न मामलों में सीज 35 दुपहिया वाहनों की हुई नीलामी में तीन प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

नीलामी 1.60 लाख रुपये से शुरू होकर 3.01 लाख रुपये की सर्वोच्च बोली पर हरीश अनेजा के नाम रही, जिस पर 18 प्रतिशत जीएसटी भी देय होगा। सीओ श्रीनगर अनुज कुमार ने बताया कि नीलामी से प्राप्त राशि सरकारी राजस्व में जमा होगी और आगे भी ऐसी नीलामी समय-समय पर की जाएगी, ताकि परिसर में जगह खाली हो सके। इस मौके पर तहसीलदार दीपक भंडारी, प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी, एसएसआई भुवन पुजारी अन्य मौजूद रहे। (एजेंसी)

### मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

श्रीनगर गढ़वाल : पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज श्रीनगर में धाद संस्था ने कोना कक्षा को स्थापित किया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं को पुस्तकें भेंट की गई।

साथ ही हाईस्कूल में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान भूतपूर्व छात्रा डॉ. ऋतु नैथानी चौहान ने शिक्षा में सामाजिक सहकार की पहल के अंतर्गत अपने पिता डॉ. बीपी नैथानी के जन्मदिन पर उपयोगी पुस्तके भेंट की गई है। धाद संस्था की सक्रिय सदस्य शैलेश मटियानी पुरस्कार से सम्मानित किरन खंडूड़ी ने छात्राओं को धाद संस्था के आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर डॉ. बीपी नैथानी ने छात्राओं को स्वच्छता के पहलुओं से अवगत कराया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमनलता पंवार ने विद्यालय की भूतपूर्व छात्रा डॉ. ऋतु नैथानी चौहान का धन्यवाद ज्ञापित किया। (एजेंसी)

### जन्म दिवस पर डॉ. रंगनाथन को किया याद

श्रीनगर गढ़वाल : पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के जनक पद्मश्री डॉ. एसआर रंगनाथन के 133वें जन्मदिवस पर मंगलवार को केंद्रीय पुस्तकालय में राष्ट्रीय ग्रंथालयी दिवस मनाया गया। पुस्तकालय कर्मियों ने डॉ. रंगनाथन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को याद किया।

उप-पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. हर सिंह ने अपने संबोधन में डॉ. रंगनाथन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान और विचारधारा को वर्तमान समय में भी प्रासंगिक बताते हुए नवीन तकनीकी से जोड़कर ग्रंथालय सेवाएं पाठकों को प्रदान करने पर बल दिया। इस मौके पर पुस्तकालय में डॉ. रंगनाथन के जीवन से संबंधित पुस्तकों के प्रदर्शन के साथ-साथ पुस्तकालय के प्रांगण में पौध रोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। (एजेंसी)

# हर घर तिरंगा यात्रा के तहत भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा



**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : हर घर तिरंगा यात्रा के तहत भारतीय जनता पार्टी ने शहर में तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में शहरवासी भी शामिल हुए। पूरा शहर भारत माता की जय के जयकारों से गूंज उठा। मंगलवार को मोटाढांग से मालवीय उद्यान तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल हुए। हाथों में तिरंगा पड़े कार्यकर्ता व पदाधिकारी भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। कहा कि तिरंगा हमारी पहचान है। हमें अपने बच्चों को देश की रक्षा व अपने कर्तव्य की जानकारी देनी चाहिए। कहा कि हर घर पर तिरंगा फहराना हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों को सच्ची श्रद्धांजलि है। कहा कि ह्लतिरंगा यात्रा के माध्यम से हम कोटद्वार से यह संदेश दे रहे हैं कि हम सभी एकजुट हैं और अपने वीर सैनिकों का मनोबल बढ़ाते रहेंगे। जिससे वह देश की सीमाओं पर उसी साहस और निष्ठा से रक्षा करते रहें। इस मौके पर महापौर शैलेंद्र सिंह रावत, जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, गोसेवा आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र अण्थ्वाल, जगमोहन रावत, आशीष रावत, विकासदीप मित्तल, प्रेमा खंतवाल, सौरव नौडियाल आदि मौजूद रहे।

# देश की परिस्थितियों पर देंगे सहयोग



**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** सेवा भारती कोटद्वार की एक बैठक देवी रोड पर स्थित एक होटल में आयोजित की गई। बैठक का प्रारंभ सेवा भारती के जिला अध्यक्ष डॉ घनानंद शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। तदोपरांत बैठक में नगर में संचालित हो रहे सेवा केंद्रों की जानकारी दी गई तथा सेवा केंद्रों को सुचारू रूप से संचालित करने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में देश की वर्तमान परिस्थितियों में सदस्यों से पारस्परिक संपर्क एवं सहयोग करने की आवश्यकता पर बोल दिया गया तथा देश की परिस्थितियों पर सहयोग देने को कहा गया। बैठक में रोहित अग्रवाल को सह मंत्री का दायित्व दिया गया तत्पश्चात धराली में आए आपदा के कारण मारे गए लोगों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की गई तथा उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कांता प्रसाद, दलजीत सिंह, आशीष गुप्ता, भारत भूषण, राहुल गुप्ता, सूरज रावत, हरीश जोशी आदि उपस्थित थे। संचालन रुचिन माहेश्वरी ने किया।

## एक पेड़ मां के नाम



**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : विद्या भारती से संबंध हेमन दास सरस्वती शिशु मंदिर जानकी नगर कोटद्वार में एक पेड़ मां के नाम से पेड़ लगाए गए। विद्यालय के शिशुओं ने अपनी माता के साथ वृक्षारोपण किया। भारत के प्रधानमंत्री की योजना2.0 एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत शिक्षक प्रयागदत्त चमोली के नेतृत्व में विद्यालय में शिशुओं एवं उनकी माताओं ने पेड़ लगाए तथा माताओं द्वारा पर्यावरण को सुरक्षित एवं प्रदूषण मुक्त करने का संकल्प लिया गया। शिक्षक मनोज जोशी एवं अंचल कुमार अग्रवाल ने पेड़ लगाने का महत्व बताया और कहा कि पेड़ पौधे लगाने से ही हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहता है। इस अवसर पर शिक्षक योगेश नेगी, गीता रावत, सुनीता पंत, अंजू चमोला, श्रेया चौधरी, दीक्षा, मुस्कान , पूजा चतुर्वेदी, हेमा पांडे, आदि उपस्थित थे।

## राइंका चौंरिया के तीन भवन क्षतिग्रस्त

रुद्रप्रयाग : जनपद में हो रही बारिश और भूस्खलन से विकासखंड जखोली के राजकीय इंटर कॉलेज चौंरिया भरदार के तीन भवन, एक शौचालय और स्कूल परिसर क्षतिग्रस्त हो गया है। विद्यालय के अन्य भवनों को भी नुकसान पहुंचा है, गनीमत रही कि यह घटना स्कूल की छुट्टी होने के बाद हुई। अन्यथा यहां छात्र-छात्राओं और विद्यालय कर्मियों को भी क्षति हो सकती थी। वर्तमान में विद्यालय में करीब 250 छात्र संख्या है एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मांग की यदि अभिलंब स्कूल के लिए व्यवस्था नहीं की गई तो बच्चों के पठन-पाठन का कार्यक्रम प्रभावित हो सकता है। सोमवार को हुई घटना के बाद अभिभावकों ने क्षेत्रीय विधायक, उप जिला अधिकारी और तहसीलदार को भी इसकी सूचना दी है।

# जनभावनाओं का सम्मान करना प्रशासन की प्राथमिकता



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी अध्यक्षता में मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से बदरीनाथ धाम के स्थानीय लोगों, पंडा पुरोहित समाज और होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सभी पक्षों ने अपने-अपने सुझाव और समस्याएं विस्तार से रखते हुए निस्तारण की मांग की। जिस पर जिलाधिकारी ने समस्याओं का निस्तारण जनभावनाओं के अनुरूप करने का आश्वासन दिया है।

होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश मेहता ने बद्रीनाथ से प्राधिकरण को हटाए जाने, भवनों की ऊंचाई और चारधाम यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों की संख्या पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने और बद्रीनाथ में संचालित ट्रीटमेंट प्लांट से निकलने वाले अपशिष्ट के निस्तारण के प्रबंधन की बात कही। पंडा पुरोहित समाज से प्रवीण ध्यानी ने स्थानीय निवासियों के पुनर्वास के मामलों, प्रभावित परिवारों के लिए दुकानों के मुद्दे, तीर्थ पुरोहित आवास की धीमी गति आदि विभिन्न समस्याओं के साथ-साथ अलकनंदा नदी में लगातार बढ़ रही गाद की समस्या और ब्रह्मकपाल से जुड़े मुद्दों को उठाया। जिलाधिकारी ने सभी पक्षों की समस्याओं को सुनकर सभी विषयों को शासन स्तर पर प्रेषित करने तथा उच्चाधिकारियों से वार्ता कर जन भावनाओं के अनुरूप कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# तिरंगे के रंग में रंगा रुद्रप्रयाग, आजादी का अमृत महोत्सव पर उमड़ा देशभक्ति का जनसैलाब

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज जनपद मुख्यालय रुद्रप्रयाग में हर घर तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यह यात्रा आर्मी बैंड से प्रारंभ होकर गुलाबराय मैदान तक उत्साह पूर्वक संपन्न हुई। जनपद में स्वतंत्रता दिवस तक ह्लआजादी का अमृत महोत्सवह्व के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक, रंगोली और जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। तिरंगा यात्रा के दौरान देशभक्ति गीतों, नारों और स्कूली बैंडों की मधुर धुनों से पूरा नगर गूंज उठा। सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों ने तिरंगे को सलामी देकर यात्रा का स्वागत किया। चारों ओर तिरंगे की शान और देशप्रेम का अद्भुत नजारा देखने को मिला। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत ने कहा कि ह्लहर घर तिरंगा अभियान हमारे भीतर देश भक्ति की भावना को और प्रबल करता है तथा हमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद दिलाता है।ह्व उन्होंने विद्यालयों के छात्र-छात्राओं और एनसीसी कैडेट्स की सराहना करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को देश के प्रति कर्तव्यभाव और अनुशासन का पाठ ऐसे आयोजनों से मिलता है। यात्रा का समापन गुलाबराय मैदान में हुआ, जहां उपस्थित सभी लोगों ने एक साथ तिरंगे को लहराकर देश की एकता और अखंडता का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेंद्र बिष्ट, सहायक निदेशक संस्कृत शिक्षा मंशा राम मैंदुली, जिला युवा कल्याण अधिकारी वरद जोशी, डीपीआरओ प्रेम सिंह रावत, सहित विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# चमोली में जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए मतदान की तैयारियां पूरी

### मतदान और मतगणना के दौरान मोबाइल फोन और कैमरा रहेगा प्रतिबंधित

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : चमोली में जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के साथ क्षेत्र पंचायत प्रमुख, ज्येष्ठ उप प्रमुख व कनिष्ठ उप प्रमुख पद के लिए होने वाले मतदान को लेकर जिला प्रशासन की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत मंगलवार को नाम वापसी की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए दो-दो प्रत्याशियों की निर्वाचन प्रक्रिया 14 अगस्त को संपन्न कराई जाएगी। सहायक निर्वाचन अधिकारी /अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी निर्देशों के क्रम में त्रिस्तरीय पंचायतों के नव निर्वाचित क्षेत्र पंचायत के सदस्यों एवं जिला पंचायत के सदस्यों द्वारा क्रमशः क्षेत्र पंचायत के प्रमुख, ज्येष्ठ उप प्रमुख, कनिष्ठ उप प्रमुख के लिये होने वाले मतदान दिवस तथा जिला पंचायत के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष के लिये होने वाले मतदान दिवस को अपने क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के पद पर निर्वाचित होने से सम्बन्धित निर्वाचन अधिकारी अथवा सहायक निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्गत किया गया प्रमाण-पत्र के साथ कोई भी अधिकृत एक फोटो युक्त पहचान पत्र अपने साथ लेकर आना अनिवार्य है। अध्यक्ष/उपाध्यक्ष जिला पंचायत चमोली पद के प्रत्याशी को प्रचार हेतु केवल एक वाहन की अनुमति होगी, मतदान एवं मतगणना स्थल से 100 मीटर के भीतर प्रत्याशी, निर्वाचनकर्मी और अधिकृत अधिकारियों को छोड़कर किसी को प्रवेश नहीं मिलेगा। सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़ी निगरानी रखी जाएगी। कहा कि प्रमुख/उप प्रमुख क्षेत्र पंचायत अथवा अध्यक्ष/उपाध्यक्ष जिला पंचायत के मतदान में प्रतिभाग करने के लिए दस्तावेजों को लेकर आना आवश्यक है। जिससे मतदाता/सदस्य के रूप में उनकी पहचान सुनिश्चित की जा सके। साथ ही जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा क्षेत्र पंचायतों के प्रमुख, ज्येष्ठ उप प्रमुख तथा कनिष्ठ उप प्रमुखों के पद के निर्वाचन में मतगणना के समय उम्मीदवार/ प्रस्तावक/ अनुमोदक में से कोई एक व्यक्ति ही मतगणना हॉल में उपस्थित रह सकता है।

## प्रभावित मलिन बस्तियों का दौरा कर पीड़ितों का मुआवजा दे प्रशासनः कांग्रेस

देहरादून। कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने मलिन बस्तियों को हुए नुकसान की जांच कर अविलम्ब मदद करने और मुआवजा दिये जाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन भी सौंपा। मंगलवार को पूर्व विधायक राजकुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूश सिंह से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि राजधानी व आसपास के क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश से जहां जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया और वहीं बिन्दाल व रिस्पना नदी के जल स्तर बढ़ने से मलिन बस्तियों के लोगों के घरों में पानी घुस गया। इससे उनका सारा सामान खराब हो गया। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि बीते रोज रिस्पना नदी व बिन्दाल नदी में बरसात के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया था। नदी के किनारे के पुश्ते बह गये और कई मकान क्षतिग्रस्त हो गये। लोगों के बिस्तर पलंग, टीवी, खाद्य सामाग्री नष्ट हो गए। लोगों के खाने पीने की काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और कई स्थानों जिसमें नई बस्ती बलबीर रोड़, मोहिनी रोड, तेग बहादुर रोड़, पूरन बस्ती रायपुर रोड, डीएल रोड के आसपास की मलिन बस्तियां शामिल है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी बस्ती, चन्दर रोड, नेगी रोड, संजय कालोनी, आर्यनगर, नदी रिस्पना में व बिन्दाल नदी, विजय कालोनी से आगे, चुक्खुवाला, बिन्दाल पुल, कांवली रोड, गांधी ग्राम, वार्ड नंबर 33 गोविन्द गढ़ के किनारे सभी मलिन बस्तियों में भारी नुकसान हुआ है।

## शिक्षकों को मिला अतिरिक्त इंक्रीमेंट वसूल नहीं करेगा विभाग

देहरादून। शिक्षकों से छठे और सातवें वेतनमान वृद्धि पर मिले अतिरिक्त इंक्रीमेंट की वसूली नहीं होगी। साथ ही जिन शिक्षकों के वेतन से यह वसूली की गई थी, उसको भी तत्काल प्रभाव से वापस किया जाएगा। हाईकोर्ट के आदेश के बाद शिक्षा विभाग ने यह फैसला लिया है। साथ ही इंक्रीमेंट रिकवरी के लिए जारी सभी आदेश भी निरस्त कर दिए हैं। शिक्षा विभाग के करीब दो हजार शिक्षकों को छठे और सातवें वेतनमान पर अतिरिक्त वेतनवृद्धि दी गई थी। सितंबर 2019 में चयन और प्रोन्नत वेतनमान मंजूर होने के समय अतिरिक्त वेतनवृद्धि के तौर पर धनराशि का भुगतान किया गया था। इसके कुछ समय बाद ही विभाग ने इसे गलत मानते हुए अतिरिक्त वेतन वृद्धि की वसूली के आदेश जारी कर दिए थे। कई शिक्षकों से यह रकम वसूल भी कर दी गई थी। 2024 में शंकर सिंह बोरा ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। 18 जुलाई को हाईकोर्ट के फैसले के बाद अब शिक्षा विभाग ने अतिरिक्त अतिरिक्त वेतनवृद्धि रकम वसूली पर रोक लगा दी है। यह रकम प्रति शिक्षक पांच से छह लाख रुपये तक है।

# गोपेश्वर में नगर पालिका ने आयोजित की रंगोली प्रतियोगिता



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : चमोली जनपद में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जनपद में हर घर तिरंगा अभियान के तहत आईटीबीपी के जवानों ने बदरीनाथ धाम में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। वहीं नगर पालिका परिषद चमोली-गोपेश्वर की ओर से रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ जनपद के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

नगर पालिका परिषद चमोली-गोपेश्वर के अधिशासी अधिकारी एमएस रावत ने बताया कि नगर क्षेत्र में 19 महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने 19 स्थानों पर रंगोली बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। कहा कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाली टीम को स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही पालिका प्रशासन की ओर से बुनकर सेवा केंद्र चमोली के सहयोग से बस स्टैण्ड गोपेश्वर में हैंडलूम मशीनों का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बुनकर केंद्र के प्रशिक्षण और महिलाओं ने हस्तशिल्प के माध्यम से तिरंगे का निर्माण भी किया। वहीं बदरीनाथ धाम में आईटीबीपी के जवानों ने आईटीबीपी कैंप से बदरीनाथ मंदिर तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस दौरान बदरीनाथ धाम के दर्शनों को पहुंचे तीर्थयात्रियों ने भी आईटीबीपी की ओर से आयोजित तिरंगा यात्रा में प्रतिभाग किया।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक के सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें ।

| टेन्डर संख्या | 101-DRM-MB-25-26 Date - 16.07.2025 | 123-DRM-MB-25-26 Date - 29.07.2025 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Heavy repair of hand pump of platform at various station and level crossings in the section of SSE/W/NBD under the jurisdiction of ADEN/NBD. | Heavy repair of PF surface at BEK PF No. 2, MSDR Station and raising of track drains in MSDR Yard in the section of SSE/W/NBD under the jurisdiction of ADEN/NBD. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 04.09.2025 | 04.09.2025 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 69,84,552.04 | 94,94,812.72 |
| धरोहर राशि | 1,39,700.00 | 1,89,900.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह | 8 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 21.08.2025 | 21.08.2025 |

टेन्डर नं. Sr. DEN-IV/Publication/25-26 दिनांक 11.08.2025 2458/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# प्रदेशभर में चैकडैम और बैराज के लिए अगले 5 वर्षों का प्लान तैयार किया जाएः सीएस बर्द्धन

देहरादून। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने मंगलवार को सचिवालय में सिंचाई, लघु सिंचाई सहित जल स्रोत एवं नदी पुनर्जीवीकरण प्राधिकरण के साथ प्रदेश में बैराज, चेकडैम एवं जलाशयों आदि के निर्माण एवं संतृप्तिकरण की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेशभर में चैकडैम और बैराज के लिए अगले 5 वर्षों का प्लान तैयार किया जाए।

साथ ही, टाईमलाईन के साथ कार्ययोजना प्रस्तुत की जाए। मुख्य सचिव ने सिंचाई, लघु सिंचाई एवं जलश्रोत एवं नदी पुनर्जीवीकरण प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि चैकडैम और बैराज से प्रदेशभर को संतृप्त किया जाना है। उन्होंने निर्देश दिए कि नदियों में बैराज बनाकर प्रदेशभर को संतृप्त किया जाए । कहा कि पेयजल की कम उपलब्धता वाले स्थानों को प्राथमिकता पर लेते हुए बैराज बनाए जाएं। मुख्य सचिव ने कहा कि चैकडैम बनाए जाने के लिए विभागों द्वारा जलश्रोत एवं नदी पुनर्जीवीकरण प्राधिकरण की गाइडलाइन्स का अनुपालन अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने चैकडैम बनाए जाने के लिए जल ग्रहण क्षेत्र और जलश्रोतों के उपचार पर भी फोकस किया जाना चाहिए। कहा कि चैकडैम भूजल स्तर को सुधारने के साथ ही मानसून सीजन में धराली जैसी घटनाओं को रोकने में भी कारगर हो सकते हैं।



## डीएम ने लिया कुठाल गेट, साईं मंदिर, दिलाराम चौक एवं घंटाघर में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल, एसएसपी अजय सिंह ने कुठाल गेट, साईं मंदिर, दिलाराम चौक एवं घंटाघर में चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि सुगम यातायात व्यवस्था बनाने के लिए प्रथम चरण में चार चौराहों को चौड़ीकरण एवं रांउड अबाउट करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही कुठालगेट एवं साई मंदिर तिराहे पर 10 मीटर चौड़ी एडिशनल स्लिप रोड बनाई गई है। चौराहों पर गढ़वाल एवं कुमाऊकी संस्कृति से आने वाले पर्यटकों को रूबरू कराने के लिए पहाड़ पारम्परिक शैली में डिजाइन किया जा रहा है। राज्य की विभूतियों एवं आंदोलनकारियों के मूर्तियों आदि से सुसज्जित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कुठालगेट पर निरीक्षण के दौरान स्प्रिंग पोस्ट लगाने तथा शेष कार्यों को शीघ्रपूर्ण करने के निर्देश दिए। डीएम सविन बंसल ने बताया कि कुठाल गेट, साई मंदिर, दिलाराम चौक निर्माण, पहाड़ीशैली सौन्दर्यीकरण व साइड रोड निर्माण कार्य लगभगपूर्ण हो गया है। पहली बार ट्रैफिक सुगमता, जनसुरक्षा एवं पारम्परिक लोक संस्कृति दर्शन, एक साथ होंगे। साथ ही कुठालगेट, साई मन्दिर, दिलाराम चौक एक साथ उच्च स्तर आधुनिकरण कार्य किया गया है। दो अतिरिक्त मोटोरेबल स्लिप रोड निकाली गई है, जिससे यातायात सुगमता में सहायता मिलेगी। साई मंदिर जंक्शन, कुठालगेट और दिलाराम चौक का पहाड़ी शैली में सौन्दर्यीकरण का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। शहर में नव निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्यों के लिए जिलाधिकारी ने स्मार्ट सिटी बजट से 10 करोड़ की धनराशि का प्राविधान किया है।


जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com